रोहतक

शनिवार 3 जनवरी 2026

पौष मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 335
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 18.5
न्यून. 4.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,762.01 | 573.41 ▼ |
| निफ्टी | 26,328.55 | 182.00 ▼ |

| धातु | कीमत | ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,39,440/- | 1100/- ▲ |
| चांदी | 2,41,400/- | 4000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.20 | 22 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 60.52 बैरल 0.58% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### नए साल में लगेंगे 2 सूर्य ग्रहण और 2 चंद्र ग्रहण



**नई दिल्ली।** साल 2026 शुरू हो चुका है और इस साल कुल चार ग्रहण होंगे, दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण। ये चारों ग्रहण भारत में समान रूप से दिखाई नहीं देंगे। भारत में सिर्फ एक चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। बाकी के तीन ग्रहण या तो हमारे देश से दिखाई नहीं देंगे या फिर इनका असर कम होगा। इसे देख पाना मुश्किल होगा। साल का पहला ग्रहण 17 फरवरी को होगा। यह एक सूर्य ग्रहण है, जिसे वलयाकार सूर्य ग्रहण या 'रिंग ऑफ फायर' कहा जाता है। *एजेंसी*

### लंगूर की आवाज निकालने वालों के लिए नौकरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा परिसर में लगातार घुसने वाले बंदरों की समस्या से निपटने के लिए लंगूर की आवाज की नकल करने वाले लोगों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विधानसभा परिसर के आसपास दर्जनों बंदर मौजूद हैं जो परेशानी पैदा करते हैं। तारों और डिश एंटीना पर कूदते हैं और उन्हें तोड़ देते हैं। विधानसभा परिसर में बंदरों के बार-बार घुसने की घटनाओं के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। *एजेंसी*

# प्रदेश के 12 जिलों में कोल्ड-डे आज से तेज ठंड का दौर शुरू

**न्यूनतम तापमान में 24 घंटे में 1.0 डिग्री की गिरावट दर्ज**

**4.5 डिग्री के साथ नारनौल रहा सबसे ठंडा, भिवानी में 5.5 डिग्री रहा पारा**

**पांच जनवरी के बाद कोहरे की तीव्रता में आएगी कमी**

हरिभूमि टीम ▸▸| हरियाणा

हरियाणा में नए साल के दूसरे दिन कड़ाके की ठंड का असर दिखाई दे रहा है। रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। औसत न्यूनतम तापमान में बीते 24 घंटे की तुलना में -0.2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है, यह सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। रात का तापमान सबसे अधिक 12.4 डिग्री हिसार का रहा। सिरसा में न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार जारी आंकड़ों के अनुसार, बीती रात को पूरे प्रदेश में नारनौल (महेंद्रगढ़) सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। यहां का न्यूनतम तापमान गिरकर 4.5 डिग्री तक पहुंच गया। यहां के तापमान में पिछले 24 घंटों में 1.0 डिग्री की गिरावट देखी गई है। प्रदेश में शनिवार से कोहरे के साथ-साथ कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। रात के साथ-साथ अब दिन में भी ठंड बढ़ेगी। शनिवार से तेज ठंड का दौर शुरू होने जा रहा। इस दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा।

**पारा मीटर**

| शहर | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| नारनौल | 16.4 | 4.5 |
| भिवानी | 17.0 | 5.5 |
| गुरुग्राम | 16.4 | 7.0 |
| फरीदाबाद | 18.2 | 8.5 |
| चंडीगढ़ | 13.0 | 9.0 |
| मेवात | 15.9 | 9.1 |
| जींद | 15.6 | 9.8 |
| अंबाला | 14.2 | 10.4 |
| करनाल | 15.6 | 10.4 |
| रोहतक | 15.9 | 10.8 |
| हिसार | 14.9 | 12.4 |



### 15 शहरों में अधिकतम तापमान 15 डिग्री से नीचे

15 शहरों में अधिकतम तापमान 15 डिग्री से नीचे दर्ज किया। सोनीपत, पलवल व अन्य जिलों में सुबह कोहरा छाया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के 12 जिलों सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, चरखीदादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, पलवल, पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर में कोल्ड डे की स्थिति रहेगी।

### औसत तापमान में लगातार गिरावट

इससे पहले मौसम विभाग के अनुसार राज्य के औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। पूरे प्रदेश में सबसे अधिक तापमान भिवानी में 18 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, राज्य में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक रहा।

### आगे क्या : शुष्क रहेगा मौसम, कोहरा भी छाएगा

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 2 जनवरी से 7 जनवरी तक पूरे प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहेगा। 3 और 4 जनवरी को भी कई स्थानों पर घना कोहरा और कुछ स्थानों पर शीतलहर जारी रहने की संभावना है। 5 जनवरी के बाद कोहरे की तीव्रता में थोड़ी कमी आ सकती है, लेकिन धुंध का असर बना रहेगा।

### दिल्ली-एनसीआर में हटा ग्रैप-3

**नई दिल्ली (भाषा)।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को वायु गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंध हटा दिए। एक अधिकारी ने बताया, "दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बृहस्पतिवार को 380 दर्ज किया गया था। एक्यूआई में शुक्रवार शाम चार बजे तक उल्लेखनीय सुधार हुआ और यह 236 दर्ज किया गया, जो एक सकारात्मक रुझान दर्शाता है। वायु गुणवत्ता के मौजूदा रुझान को देखते हुए आयोग की जीआरएपी उप-समिति ने मौजूदा तीसरे चरण के तहत परिकल्पित सभी कार्रवाइयों को पूरे एनसीआर में तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया है।" अधिकारी ने बताया, "एनसीआर में जीआरएपी के पहले और दूसरे चरण के तहत सभी कार्रवाइयां लागू रहेंगी।"

- एक्यूआई में आया सुधार, घटकर 236 किया गया दर्ज

*प्रदेश सरकार ने 'फार्मा सही दाम' एप लॉन्च किया*

# दवा विक्रेता अब दवाइयों की ज्यादा कीमत नहीं वसूल पाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा में दवा विक्रेता दवाइयों की कीमत ज्यादा नहीं ले पाएंगे। सरकार ने फार्मा सही दाम मोबाइल ऐप शुरू किया है। विभाग की ओर से ऐसे मामलों की शिकायत करने के लिए एक टोल फ्री मोबाइल नंबर 1800-180-2413 भी जारी किया गया है। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य सरकार आम जनता को सस्ती और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से हरियाणा में दवाओं की कीमतों पर सख्त निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।



**खास बातें**

1. ऐसे मामलों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी
2. स्वास्थ्य मंत्री राव बोलीं, सस्ती और आवश्यक दवा उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता
3. एप के जरिए दवाओं की कीमतों पर होगी निगरानी

### एनपीपीए की तरह मॉनिटरिंग

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के दिशा-निर्देशों के तहत हरियाणा में प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट (पीएमआरयू), खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) विभाग के अंतर्गत सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। यह इकाई यह सुनिश्चित कर रही है कि आम नागरिकों को दवाएं सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर ही उपलब्ध हों।

### शिकायत के लिए करें फोन

फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन हरियाणा के आयुक्त ने जनता से अपील की कि वे सतर्क रहें और दवाओं की सही कीमत की जानकारी के लिए "फार्मा सही दाम" मोबाइल एप का उपयोग करें। यदि कहीं अधिक कीमत वसूली जाती है, तो उसकी शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचाई जा सकती है। इसके अलावा, टोल-फ्री नंबर पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**मरने से पहले दो सुसाइड नोट छोड़े**

# 'मैं दरिंदों से हार गया' लिखकर जेल वार्डन ने की आत्महत्या

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** सिरसा जिला जेल के वार्डन ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले वार्डन ने 2 सुसाइड नोट भी छोड़े, जिसमें उन्होंने डीएसपी समेत 2 अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे ड्यूटी लगाने को लेकर इन्होंने मानसिक रूप से प्रताड़िता किया और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का दबाव बनाया। सुसाइड से पहले वार्ड ने अपने बेटे को फोन भी किया। उसने कहा कि दोनों अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर मैं जहरीला पदार्थ खा रहा हूं। मेरे बैग में जेल महानिदेशक और जेल सुपरिंटेंडेंट के नाम लिखा सुसाइड नोट रखा है। मैं इन दरिंदों से हार गया। अपना और मां का ख्याल रखना। वार्डन के परिवार ने हुडा चौकी में दोनों अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सिरसा में डीएसपी समेत 2 अधिकारियों पर लगाए आरोप**

### फतेहाबाद के हिजरावां खुर्द का रहने वाला

मृतक की पहचान फतेहाबाद के हिजरावां खुर्द निवासी सुखदेव सिंह के रूप में हुई है। सुखदेव के बेटे जसपाल ने बताया कि गुरुवार शाम 5 बजे मेरे पास पिता का फोन आया। तब उन्होंने सल्फास निगल ली थी। 10-15 दिन पहले उनका डीएसपी से झगड़ा हुआ था। दोनों अधिकारी उन्हें बहुत परेशान कर रहे थे। मेरे पिता हार्ट पेशेंट थे।

# दयालु योजना : लाभार्थियों के मृत्यु प्रमाण पत्र सीधे परिवार पहचान पत्र से जोड़े

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 (दयालु) के 5794 लाभार्थियों के खाते में 217.36 करोड़ रुपये की राशि जारी की। अब तक इस योजना के तहत 49 हजार 998 लाभार्थियों को 1881.355 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-1 में सुधार किया गया है। इस योजना के लाभार्थियों का मृत्यु प्रमाण पत्र अब सीधे परिवार पहचान पत्र से जोड़ दिया गया है।



**पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने उठाया कदम 5794 परिवारों के लाभार्थियों को 217 .36 करोड़ की राशि जारी**

### क्या है दलायु योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में जिन परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये है, उन परिवारों को दुर्घटना के 90 दिन के अन्दर पोर्टल पर सहायता के लिए आवेदन करना अनिवार्य है। इस योजना के तहत दुर्घटना में स्थाई रूप से दिव्यांग होने या मृत्यु होने पर एक लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

# गुजरात में 1500 करोड़ के जमीन घोटाले में कलेक्टर गिरफ्तार

**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने 1500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले के मामले में गुजरात में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर राजेंद्र पटेल को गिरफ्तार किया है। ईडी की तीन टीमें शुक्रवार को गांधीनगर स्थित राजेंद्र पटेल के आवास पर पहुंचीं, जहां पहले उनसे पूछताछ की गई। हाल ही में ईडी की टीम ने सुरेंद्रनगर के कलेक्टर राजेंद्र पटेल के अलावा उनके पीए जयराजसिंह झाला, डिप्टी तहसीलदार चंद्रसिंह मोरी और क्लर्क मयूरसिंह गोहिल के घर पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान मोरी के घर से 60 लाख से अधिक का कैश भी जब्त किया गया था। यह कैश बेडरूम में छिपाकर रखा गया था। मोरी पर आरोप है कि उन्होंने थान के विद इलाके में 1500 करोड़ रुपये कीमत की 3600 बीघा से अधिक जमीन की फाइल को जल्दी मंजूरी दिलाने के आवेदनों से रिश्वत ली। ईडी ने कहा कि रिश्वत की रकम प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से तय की गई थी।

- ईडी की टीम ने पूछताछ के बाद लिया हिरासत में

*कर्मचारियों के हित में हाईकोर्ट के दो बड़े फैसले*

## 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग कर्मी वाहन भत्ते के हकदार

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के सेवा नियमों के बारे में साफ कर दिया है कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले सभी सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते के हकदार होंगे। मामले में याचिकाकर्ता, जो लोक निर्माण विभाग में कार्यरत है, को केवल इस आधार पर वाहन भत्ता देने से इनकार कर दिया गया था कि उसकी दिव्यांगता 50 प्रतिशत से कम है। याचिकाकर्ता 40 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता से पीड़ित है और उसके पास वैध दिव्यांगता प्रमाणपत्र भी है। अदालत ने याचिकाकर्ता को 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वाहन भत्ता देने के निर्देश दिए।

## न्यायिक कार्यवाही पूरी होने के बाद नहीं रोक सकते ग्रेच्युटी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि विभागीय और न्यायिक कार्यवाही समाप्त होने के बाद राज्य सरकार किसी कर्मचारी की ग्रेच्युटी नहीं रोक सकती, खासकर तब जब आपराधिक मामला उसके सरकारी कर्तव्यों से जुड़ा न हो। जस्टिस जगमोहन बंसल ने एक कर्मचारी की याचिका स्वीकार करते हुए हरियाणा सरकार को उसकी ग्रेच्युटी दो माह के भीतर जारी करने के निर्देश दिए हैं। यदि तय अवधि में भुगतान नहीं किया गया तो 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। मामले में याचिकाकर्ता कर्मचारी को एक निजी विवाद से जुड़े आपराधिक मामले में दोषी ठहराया गया था।

*न्यूयॉर्क मेयर और सांसदों के खत लिखने पर तीखी प्रतिक्रिया*

# उमर खालिद को ममदानी का पत्र, भाजपा ने कहा यह हमारा अंदरूनी मामला, दखल बर्दाश्त नहीं करेंगे

**नई दिल्ली/न्यूयॉर्क (ब्यूरो)।** न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी के बाद आठ अमेरिकी सांसदों ने भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा को पत्र लिखकर कार्यकर्ता उमर खालिद के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार ''निष्पक्ष और समयबद्ध'' सुनवाई का आग्रह किया। सांसदों ने कहा कि यूएपीए के तहत पांच साल बिना जमानत हिरासत में रखना अंतराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। वहीं, भाजपा ने ममदानी और अमेरिकी सांसदों के लिखे नोट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसे 'बर्दाश्त' नहीं किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कोई भी भारत के अंदरूनी मामलों पर टिप्पणी करेगा तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

*सांसदों ने कहा था कि यूएपीए के तहत पांच साल बिना जमानत हिरासत में रखना अंतराष्ट्रीय कानून के खिलाफ। निष्पक्ष और समयबद्ध सुनवाई होनी चाहिए।*

### अमेरिकी सांसदों ने उमर के लिए समर्थन जताया



इससे पहले न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने पत्र लिखकर उमर के लिए एकजुटता और समर्थन जताया था ममदानी ने लिखा, डियर उमर, मैं अक्सर तुम्हारे उन शब्दों को याद करता हूं जिनमें तुमने कड़वाहट को खुद पर हावी न होने देने की बात कही थी। तुम्हारे माता-पिता से मिलकर खुशी हुई। हमें तुम्हारी चिंता है।

### 2020 में हुए दिल्ली दंगे में मारे गए थे 53 लोग



फरवरी 2020 के दिल्ली दंगा मामले में "मुख्य साजिशकर्ता" होने के आरोप में खालिद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस दंगे में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।





धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर पर राज्य स्तरीय बैठक में दिए निर्देश

# समाधान शिविरों की शिकायतों को उपायुक्त स्पष्ट टिप्पणी के साथ आगे भेजें, पूर्ण समाधान होने तक जिला स्तर पर पेंडिंग रखें

■ जिला उपायुक्त वीसी से बैठक में शामिल हुए

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों की जानकारी विभिन्न माध्यमों से आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाई जाए, जिसमें लोगों को शिविरों के आयोजन का दिन और समय की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों को जिला उपायुक्त अपनी स्पष्ट टिप्पणी के साथ आगे भेजें। साथ ही जब तक किसी शिकायत का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता, तब तक उसे जिला स्तर पर पेंडिंग रखा जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को समाधान शिविर की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिला उपायुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।



### छह माह में 17699 शिकायतों का निपटारा

*बैठक में बताया गया कि जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक पिछले छह महीनों में कुल 17699 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। समाधान शिविरों में तय समय सीमा में हल की गई शिकायतों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में भी समाधान शिविरों में आने वाली सभी शिकायतों का तय समय सीमा में निपटान सुनिश्चित करें। प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त और उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) कार्यालयों में प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। जहां अधिकारी समस्याएं सुनते हैं।*

### लापरवाही पर नपेंगे

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, शिविरों में किसी भी स्तर पर अधिकारियों द्वारा लापरवाही पाई गई, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फसल की खेत से मंडी और मंडी से शेलर तक होगी सख्त निगरानी : मुख्यमंत्री

■ फसल खरीद में अनियमितताओं को सहन नहीं किया जाएगा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फसल खरीद व्यवस्था में आई अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक किसान की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, वहीं गलत खरीद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब फसल की खेत से मंडी और मंडी से शेलर तक होगी सख्त निगरानी मुख्यमंत्री ने संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगामी खरीद सीजन के दौरान फील्ड में नियमित और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि किसान की सही उपज बिना किसी बाधा के एमएसपी पर खरीदी जा सके। फसल खरीद में पूर्व में उजागर हुई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी सीजन में इस प्रकार की कोई भी समस्या दोबारा नहीं आनी चाहिए।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुबीन पुत्र** दीनू, **निवासः** गाँव जिमरावत, जिला मेवात, हरियाणा ने **FIR No. 96/22 दिनांक 19.01.22 U/s 365/356/379/34 IPC** added **376D IPC & 6 POCSO Act थानाः मैदान गढ़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुबीन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुबीन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 96/22 दिनांक 19.01.22 U/s 365/356/379/34 IPC** added **376D IPC & 6 POCSO Act थानाः मैदान गढ़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुबीन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अजय गर्ग
एएसजे (FTSC)(POCSO)
(दक्षिण), साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/17524/SD/2025
(Court Notice)


# 114 करोड़ से प्रदेश के खेल स्टेडियमों की होगी मरम्मत

# स्टेडियम की ग्रेडिंग पूरी, माह में दो बार औचक निरीक्षण करेंगे डायरेक्टर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के खेल स्टेडियम व सुविधाओं को लेकर सरकार ने कमर कस ली है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को उत्कृष्ट और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी सोच के तहत हरियाणा सरकार द्वारा खेल विभाग के माध्यम से प्रदेशभर के खेल स्टेडियमों की मरम्मत एवं कायाकल्प के लिए 114 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इनमें से कई स्थानों पर कार्य प्रारंभ भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि खेल मैदानों की जो ग्रेडिंग की गई है, उसमें और अधिक सुधार लाने के लिए डीएससी (डिस्ट्रिक स्पोर्ट्स कौंसिल) से अतिरिक्त संसाधन खर्च किए जाएंगे, जिसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है। खेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी अपने-अपने निर्धारित जिलों के स्टेडियमों का महीने में कम से कम दो बार औचक निरीक्षण करेंगे।

■ स्टेडियम में अधिक सुधार लाने के लिए डीएससी से अतिरिक्त संसाधन जुटाए जाएंगे, रोडमैप तैयार



### राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के विकास पर 491 करोड़ खर्च होंगे : गौतम

*खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) 491 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जाएगी। यह यूनिवर्सिटी केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि भावी ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने की प्रयोगशाला होगी। यहां पर खेल मैदानों, प्रशिक्षण सुविधाओं, रहने और खाने की अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होंगी। खेल मंत्री पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में खेल विभाग, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) के अधिकारियों, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों आयोजित की गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान अत्याधुनिक खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की ड्राइंग व डिजाइन को अंतिम रूप देने पर चर्चा की।*

### आगामी बजट में खेलों के लिए अतिरिक्त फंड मिलेगा

उन्होंने कहा कि आगामी बजट में खेलों के लिए और अतिरिक्त फंड का प्रावधान किया जाएगा, ताकि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और अधिक पदक जीतकर देश और हरियाणा का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां लगातार देश और विदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खिलाड़ियों के स्तर में सुधार के लिए खेल नर्सरियां अहम कड़ी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए खेल नर्सरियों में बेहतर सुविधाएं देने के लिए खेल विभाग निरंतर प्रयासरत है। बैठक में खेल विभाग प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया व अन्य मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट को मिलेंगे दो नए न्यायाधीश

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार ने हरियाणा के दो न्यायिक अधिकारियों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की है। कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति ने न्यायिक अधिकारी रमेश चंद्र और नीरजा कुलवंत कौर कलसन को हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों के साथ हाईकोर्ट की कार्यरत संख्या बढ़कर 61 हो गई है, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 85 है। ये नियुक्तियां सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 16 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में की गई सिफारिशों के आधार पर की गई हैं। हाईकोर्ट में लंबे समय से लंबित मामलों को देखते हुए इन नियुक्तियों को अहम माना जा रहा है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार, हाईकोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 4,20,880 है, जो जनवरी 2025 में दर्ज 4,32,227 मामलों की तुलना में 11,347 कम है।

## शिक्षक तबादला नीति पर उठाए सवाल

**चंडीगढ़।** पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने शिक्षा नीति पर सवाल खड़े करते हुए राज्य में शिक्षकों की कमी और आनलाइन तबादला पालिसी पर पुनर्विचार करने को कहा है। इस बारे में उन्होंने पत्र भी लिखकर शिक्षा मंत्री से इस बारे में विचार मंथन की सलाह दी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि लंबे समय के बाद में ऑनलाइन तबादला नीति लागू करने की चर्चा सुनी जा रही है, गुर्जर ने नीति 2025 में बदलाव की मांग की है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि शिक्षकों की राज्य में वैसे ही कमी बनी हुई है। अगर शिक्षक एक किसी ब्लाक में पंद्रह साल तक नौकरी कर चुके हैं, उनको अनिवार्य तौर पर शामिल करना बेहद ही गलत है।। इससे शैक्षणिक कामकाज पर विपरीत प्रभाव होगा साथ ही जहां शिक्षक कम है, वहां पढ़ाई प्रभावित होगी।


### उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेलः coemunimpur@gmail.com

केन्द्र पर नेट हाउस (INH) को रिपेयर करवाने के लिए

लेबर हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर नेट हाउस (INH) को रिपेयर करवाने हेतु लेबर/कारीगर की आवश्यकता है। कार्य का विवरण निम्नलिखित हैः-

INH -I & II (2080 sqm each)

| Sn. | Name of work | Qty./Area | Unit Rate |
|---|---|---|---|
| 1 | Replacement of insect net | 4200 sqm | /sqm |
| 2 | Replacement of Profile | 40 Pcs. | /Pcs |
| 3 | Replacement of self-screw | 500 Pcs. | /Pcs |
| 4 | Replacement of pully | 200 Pcs. | /Pcs |
| 5 | Rubber grommet & PVC star nipple connector in fogger & drip irrigation system | 1. Rubber grommet-100 nos 2. PVC star nipple connector-100 nos | /complete job |
| 6 | Replacement of Polyester monofilament wire | 150 mtr. | /mtr |
| 7 | Repairing of shade net (4.2x52mtr.) | 1000sqm | /sqm |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 09.01.2026 सांय 5 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ॰ हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते हैं। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1016/2026/41676/88/6 दि. 02.01.26


### खबर संक्षेप

**बिजली शिकायतों पर सुनवाई पांच से**

चंडीगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विष्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि पंचकूला जोन में आने वाले जिलों कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 5, 12, 19 और 27 को शिविर लगेंगे।

**चिराग योजना को लेकर प्राइवेट स्कूल संघ नाराज**

**चंडीगढ़।** प्राइवेट स्कूल संघ ने चिराग योजना की शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए निदेशालय द्वारा भेजी गई सूची में योजना के तहत पढ़ रहे गरीब बच्चों व उनके स्कूलों के नाम न आने पर शिक्षा विभाग के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की है और इसको शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही करार दिया है। इसके साथ ही प्राइवेट स्कूल संघ ने वंचित स्कूलों एवं बच्चों के नाम सूची में डालने की शिक्षा निदेशक से मांग की है और चिराग योजना का वर्तमान आधे सत्र की प्रतिपूर्ति राशि जारी करने के लिए प्राइवेट स्कूल संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा व शिक्षा विभाग के अधिकारियों का आभार जताया।

## कांग्रेस की मेहरबानी से बनी भाजपा की सरकारः चौटाला

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार द्वारा साल 2025 की उपलब्धियों के गुणगान किए जाने पर इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस की मेहरबानी से बनी भाजपा की सरकार बनी है। इस सरकार ने कागजी उपलब्धियां गिनवाई लेकिन कमी और खामियों का कोई जिक्र नहीं किया। इस भाजपा सरकार में एक साल में कई नए घोटाले हुए। धान घोटाला हुआ। जो लोग धान घोटाला करने के जिम्मेदार थे उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तीन अफसरों को सस्पेंड किया गया उसके बाद तीनों को अंडर इंक्वायरी बहाल कर दिया गया। साथ ही तीनों की प्रमोशन की फाइल चला दी। श्रम मंत्री अनिल विज का बयान आया था कि उनके श्रम विभाग में 1500 करोड़ का घोटाला हुआ है। जब एक मंत्री घोटाले की जांच के लिए सीएम को लिखता है तो वो मंत्री किस बात का है, उनको इस्तीफा दे देना चाहिए।



■ प्रेस कॉन्फ्रेस में फसल खरीद पर उठाए सवाल

## अपराधियों से निपटने के लिए प्लान ऑफ एक्शन तैयार करें



■ डीजीपी ने अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने पदभार ग्रहण करते ही राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने की दिशा में निर्णायक पहल करते हुए प्रदेशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ अपनी पहली समीक्षा बैठक आयोजित की। लगभग तीन घंटे चली इस व्यापक व गहन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में पुलिस आयुक्तों, रेंज आईजी, जिलों के पुलिस अधीक्षकों, एसटीएफ अधिकारियों सहित करीब 700 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। बैठक के दौरान डीजीपी अजय सिंघल ने सभी जिलों की जमीनी स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों की जानकारी ली तथा उनसे इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस, व्यावहारिक और समयबद्ध प्लान ऑफ एक्शन तैयार करने के निर्देश दिए।

## डिजिटल जनगणना के लिए 200 करोड़ का बजट निर्धारित

**चंडीगढ़।** सरकार ने औपचारिक तौर पर जनगणना-2027 की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी। केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, जनगणना का पहला चरण 1 मई, 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों का सूचीकरण एवं आवास जनगणना की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए प्रदेश को केन्द्र सरकार की तरफ से 200 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

### एक मई से शुरू होगा पहला चरण : सीएस

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में शुक्रवार यहां हुई राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसीसी) की पहली बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस महत्वपूर्ण कवायद के सुचारू एवं समयबद्ध संचालन के लिए प्रशासनिक, लॉजिस्टिक और परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।मुख्य सचिव ने बताया कि डेटा की सटीकता, एकरूपता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के मकसद से प्रदेश में सभी प्रशासनिक सीमाओं को स्थिर (फ्रीज) कर दिया गया है। अन्य कार्य भी प्रगति पर है।


## भारतीय थल सेना
## JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER
www.joinindianarmy.nic.in

### अधिकारी प्रविष्टियाँ

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
   (क) 67वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (महिला) अक्तूबर 2026 के लिए।
   (ख) 67वाँ अल्पसेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स (पुरूष) अक्तूबर 2026 के लिए।

2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-
   (क) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - महिला 06 जनवरी से 04 फरवरी 2026
   (ख) अल्पकालिक सेवा कमीशन (तकनीकी) कोर्स - पुरूष 07 जनवरी से 05 फरवरी 2026

### OFFICER ENTRIES

1. Applications are invited for the following courses:-
   (a) 67th Short Service Commission (Tech) Women Course Oct 2026.
   (b) 67th Short Service Commission (Tech) Men Course Oct 2026.

2. Online applications will remain open as under:-
   (a) SSC (Tech) Course - Women - 06 Jan to 04 Feb 2026
   (b) SSCW (Tech) Course - Men - 07 Jan to 05 Feb 2026

**नोट :-**
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिये, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note :**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0064/2526


अवैध गर्भपात को रोकने की मुहिम का पॉजिटिव असर

# प्रदेश में लिंगानुपात बढ़कर हुआ 923, पिछले पांच वर्षों में सर्वाधिक

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में लिंग अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो 2025 में 923 तक पहुंच गया। यह 2024 के मुकाबले 13 अंकों की वृद्धि दर्शाता है। प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण और अवैध गर्भपात को रोकने के लिए उठाए गए कदमों को इस उपलब्धि का कारण बताया जा रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि हरियाणा में लिंग अनुपात (एसआरबी) 2025 में 923 दर्ज किया गया, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। वर्ष 2024 में यह 910 था।

### 2025 में राज्य में 5,19,691 बच्चों का जन्म हुआ जिनमें 2,70,281 लड़के और 2,49,410 लड़कियां

- आंकड़ों के अनुसार, 2025 में राज्य में 5,19,691 बच्चों का जन्म हुआ - जिनमें 2,70,281 लड़के और 2,49,410 लड़कियां थीं, जबकि 2024 में 5,16,402 बच्चों का जन्म हुआ जिनमें 2,46,048 लड़कियां थीं।
- आंकड़ों के अनुसार, 2025 में लिंग अनुपात पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक था। हरियाणा का लिंग अनुपात 2019 में 923 था, जो 2020 में मामूली रूप से घटकर 922 हो गया तथा फिर 2021 में और घटकर 914 रह गया।
- वर्ष 2022 में यह 917 था और 2023 में 916 था। राज्य का लिंग अनुपात 2014 में 871 था, जो बढ़कर 2015 में 876 हो गया। 2016 में इसमें 24 अंकों की वृद्धि हुई और यह 900 तक पहुंच गया, जो अब तक की सबसे अधिक वृद्धि थी।
- 2017 में लिंग अनुपात और बढ़कर 914 हो गया, जो दूसरी सबसे बड़ी वृद्धि थी, तथा 2018 में इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार, पंचकूला में प्रति 1,000 पुरुषों पर 971 महिलाओं के साथ राज्य का उच्चतम एसआरबी दर्ज किया गया।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में अक्षम अनुकूल जिला न्यायालय भवन को बनाना। | 31.12.2025 09.01.2026 | 68.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में ज्यूडीशियरी मकान नं. डी-1 से डी-12 (12 अदद 440 वर्गफुट क्वार्टर्स) की मरम्मत और पुनरोद्धार + 4 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 81.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में पॉली क्लीनिक, हुडा सेक्टर-3 में सिक्योरिटी फ्लड लाइट्स और पारम्परिक ट्यूब लाइट फिटिंग को बदलना और नये फायर अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी सिस्टम का प्रावधान (ईआई आंतरिक की मरम्मत और नई विद्युत सामग्री का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 01.01.2026 07.01.2026 | 7.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में 4 अदद शौचालयों का निर्माण और 2 अदद लिफ्टों के प्रावधान द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा के प्रावधान हेतु गणना-कच्चा लागत अनुमानित राशि रु. 66.06 लाख के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित करके आयोजित माननीय बिल्डिंग कमेटी, हरियाणा की बैठक के मिनट्स (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल)। | 01.01.2026 07.01.2026 | 39.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | रामथाली, ब्लॉक-सिवान, जिला-कैथल, आईपीबी गली मेन फिरनी का निर्माण + 2 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 77.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | वर्ष 2025 के मॉनसून के पश्चात कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा से जंगली वनस्पति / जंगल और मलबा ढेरियों को हटाना। | बंद होने की तिथि 05.01.2026 | 1.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/41688/I/88/6 दि. 02.01.26

## खबर संक्षेप

### जठलाना में कुत्ता लेकर घूम रहा था शिशु का भ्रूण

**रादौर।** कस्बा रादौर के गांव जठलाना में एक शिशु का भ्रूण मिला। पुलिस ने ग्रामीण की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जठलाना निवासी आमीर खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार दोपहर को वह अपने घर से गांव बागवाली की ओर जा रहा था। जब वह आदर्श आंगनबाड़ी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि एक लावारिस कुत्ते ने एक बच्चे के भ्रूण को मुंह में पकड़ा हुआ था। उसने कुत्ते के मुंह से शिशु के भ्रूण को छुड़वाया। उसके बाद उसने डायल 112 को मामले की सूचना दी। जिस पर पुलिस कर्मचारियों ने नवजात शिशु के भ्रूण को कब्जे में लेते हुए अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### नए साल का जश्न मनाते नहर में डूबा युवक

**यमुनानगर।** नए साल का जश्न मनाने के लिए पानीपत से अपने दोस्तों के साथ यमुनानगर आया एक व्यक्ति देर शाम गांव कश्मीर गढ़ के पास पश्चिमी यमुना नहर में डूब गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस गोताखोरों की सहायता से पानी में डूबे व्यक्ति की तलाश में जुटी थी। पानीपत के थाना इसराना क्षेत्र के गांव लाखु बुआना निवासी 40 वर्षीय देवेंद्र वीरवार को नए साल पर अपने साथी संदीप, सुरजीत व प्रवीण के साथ यमुनानगर आया था। दिनभर यमुनानगर घूमने के बाद वह देर शाम को बूड़िया थाना क्षेत्र में कश्मीर गढ़ गांव स्थित पश्चिमी यमुना नहर के पास पहुंचे। इसी दौरान देवेंद्र नहाने के लिए पानी में उतर गया। देखते ही देखते वह पानी में डूबने लगा। इसके बाद उसका कुछ भी पता नहीं चला। देवेंद्र को डूबता देख उसके साथियों ने शोर मचाया और आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई। सूचना पर गोताखोरों की टीम पहुंची, लेकिन युवक का सुराग नहीं मिला।

# हाईड्रोजन ट्रेन पहुंची जींद, माह के अंत तक सोनीपत चलने की आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से सोनीपत रूट पर चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन अब जींद पहुंच चुकी है। यह देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन है। फिलहाल हाइड्रोजन प्लांट में टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। इसी माह के अंत तक यह ट्रेन चलने की उम्मीद है। यह ट्रेन एक किलो हाइड्रोजन में करीब साढ़े चार लीटर डीजल के बराबर माइलेज देगी। वहीं इन ट्रेनों का रखरखाव भी सस्ता होगा। इलेक्ट्रिक की तुलना में हाइड्रोजन ट्रेन 10 गुणा अधिक दूरी तय कर सकती है। ट्रेन 360 किलोग्राम हाइड्रोजन में 180 किमी का सफर करेगी। ट्रेन में दो पावर प्लांट होंगे। ईंधन सेल की लागत और रखरखाव भी कम खर्च वाला है। ट्रेन के चलने पर तेज आवाज भी नहीं होगी।

जींद से सोनीपत की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। यह ट्रेन 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। जींद रेलवे जंक्शन पर लगभग 120 करोड़ रुपये की लागत से दो हजार मीटर एरिया में हाइड्रोजन गैस प्लांट का निर्माण चल रहा है। हाइड्रोजन गैस से चलने वाले इंजन धुएं की बजाय भांप और पानी छोड़ेंगे। इसलिए इसमें धुआं नहीं निकलेगा। इसकी रफ्तार और यात्रियों को ले जाने की क्षमता भी डीजल ट्रेन के बराबर होगी। आवाज न होने के चलते यात्री आरामदायक सफर कर सकेंगे।




- एक किलो हाइड्रोजन में साढ़े चार लीटर डीजल के बराबर माइलेज देगी
- 110 से 140 किमी प्रति घंटा से बिना धुएं व शोर के चलेगी

### प्लांट में होगी 3 हजार किलो हाइड्रोजन

हाइड्रोजन प्लांट में जमीन के नीचे भंडारण तैयार किया गया है। इसमें लगभग तीन हजार किलोग्राम गैस भंडारण होगी। ट्रेन को हर घंटे 40 हजार लीटर पानी की जरूरत होगी। वहीं स्टेशन की छतों का पानी भी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन आठ-दस डिब्बों की होगी। यह हाइब्रिड ट्रेनें होंगी, जिनमें अक्षय ऊर्जा भंडारण जैसे बैटरी या सुपर कैपेसिटर लगे होंगे। ईंजन में डीजल की जगह फ्यूल सेल, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन डाली जाएगी। ऑक्सीजन की मदद से हाइड्रोजन नियंत्रित ढंग से जलेगी और इस ताप से बिजली पैदा होगी। बिजली लिथियम आयन बैटरी को चार्ज करेगी, जिससे ट्रेन चलेगी।

### हाइड्रोजन ट्रेन जींद पहुंची : संजय कुमार

हाइड्रोजन प्लांट प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार ने बताया कि हाइड्रोजन ट्रेन जींद पहुंच चुकी है। ट्रेन कब चलेगी, इसकी निर्धारित तारीख अभी नहीं आई है। हाईड्रोजन प्लांट का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

#### मुठभेड़ में दो युवकों की गिरफ्तारी का मामला

# सोनीपत लघु सचिवालय में कीटनाशक पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में युवक की हत्या व शव जलाने के मामले में मुठभेड़ के बाद पकड़े गए दो आरोपितों में से एक के मुंहबोले ससुर गांव राठधना निवासी राजेश (36) ने शुक्रवार को लघु सचिवालय पहुंचकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना से सचिवालय में अफरा-तफरी मच गई। हालत गंभीर होने पर उसे पहले नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।

अस्पताल में राजेश ने बताया कि सितंबर, 2025 में उनकी मुंहबोली बेटी सबीना का पति ओस मोहम्मद उर्फ आसु लापता हो गया था। बाद में उसका शव जली हुई हालत में मिला था। उस मामले में उनकी पत्नी हलीमा और परिवार के अन्य सदस्यों को बार-बार पूछताछ के नाम पर पुलिस की तरफ से परेशान किया जा रहा है।

#### देसां म्ह देस हरियाणा जित दूध-दही का खाना... कहावत पर कलंक लगा रहे मिलावटखोर

# कलायत में सैंपल भर 1300 लीटर मिलावटी दूध फेंका

- कलायत शहर में नामी ब्रांडों का फर्जी लेबल लगाकर दूध, मिठाई, पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल
- दूध को दो बड़े ड्रमों और इसे ठंडा करने वाली मशीन में रखा था, नष्ट करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत शहर में नामी ब्रांडों का फर्जी लेबल लगाकर दूध, मिठाई, पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल नागरिकों की सेहत के साथ बड़ा खतरा बन रहा है। इस प्रकार की लगातार मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कैथल खाद्य एवं औषधि विभाग अधिकारी डॉ. पवन कुमार की अगुवाई में टीम ने कैंची चौक के नजदीक बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान छापेमारी करते हुए लगभग 1300 लीटर दूध के सैंपल लेते हुए इसे नष्ट करवाया गया। दूध को दो बड़े ड्रमों और इसे ठंडा करने वाली मशीन में रखा हुआ था। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान जो दूध नष्ट करवाया गया उसे यदि उपयोग में लाया जाता तो इससे लोगों की सेहत को खतरा था। विभाग ने मौके से दूध के दो सैंपल लेकर नियमानुसार जांच के लिए भेजे और शेष पूरा दूध मौके पर ही नष्ट कर दिया।


**कलायत।** मिलावटी दूध को नष्ट करवाते अधिकारी।

### मिलावटखोरों की दें सूचना

डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विभाग को कलायत में नकली दूध व अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके आधार पर अचानक छापा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि यह अवैध गतिविधि काफी समय से चल रही थी। मिलावटी दूध को अलग-अलग स्थानों पर बेचकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मिलावट करने वालों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी नकली या संदिग्ध खाद्य पदार्थ बेचे जाने की जानकारी मिले तो तुरंत सूचित करें।

#### इधर... शराब पर भी शक

### सीएम फ्लाइंग की अवैध शराब बिक्री पर रेड



**हिसार।** हिसार में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सीएम फ्लाइंग टीम ने शुक्रवार शाम को कार्रवाई करते हुए नई सब्जी मंडी के अंदर बनी एक झुग्गी में रेड की। इस दौरान मौके से अवैध रूप से बेची जा रही शराब बरामद की गई। यह रेड सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई। टीम में आबकारी एवं कराधान विभाग की एईटीओ सुमन देवी, आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार, ईएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई सुरेंद्र कुमार और हेड कांस्टेबल विजय, जितेंद्र भी शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने बताया कि जांच के दौरान वहां प्रेम कुमार निवासी श्यामलाल ढाणी मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रिंकू पंडित नामक व्यक्ति के कहने पर सब्जी मंडी के अंदर अवैध रूप से शराब बेचता था और इसके बदले उसे कुछ पैसे दिए जाते थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस अथवा अनुमति के सार्वजनिक स्थान पर शराब की बिक्री की जा रही थी।

# फर्जी कागजातों पर लोन करवा एजेंसी कर्मियों ने हड़पे 29 ट्रैक्टर

- किश्त नहीं भरी जाने पर जांच में हुआ खुलासा, लोगों ने कभी ट्रैक्टर लिए ही नहीं
- रिलेशनशिप मैनेजर समेत तीन आरोपियों को नामजद कर केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

डबवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर लोन के नाम पर करीब 1.50 करोड़ रुपये की कथित ठगी का बड़ा अजीब मामला सामने आया है। ट्रैक्टर बिक गए, लोन हो गया और इसके बाद ट्रैक्टर गायब हो गए। जिनके नाम लोन हुआ उनके पास ट्रैक्टर नहीं हैं। दरअसल ट्रैक्टर कंपनी के कर्मचारियों ने ही करोड़ों का खेला कर दिया। अब ट्रैक्टर कंपनी ने पुलिस को शिकायत की है। पुलिस ने मामले में एक रिलेशनशिप मैनेजर समेत तीन आरोपियों को नामजद करते हुए केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी के अधिकृत डीलर से 29 ट्रैक्टर लोन पर निकलवाए। बाद में ये ट्रैक्टर न तो संबंधित खरीदारों को मिले और न ही उनकी कोई जानकारी सामने आई। जब लोन की किश्त टूटने लगी, तब कंपनी को पूरे मामले की भनक लगी।

इस मामले में ट्रैक्टर कंपनी के कलेक्शन स्टेट हेड जसवीर यादव निवासी हिसार की शिकायत पर डबवाली शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायत की जांच पहले आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि 31 जुलाई 2023 से 23 मई 2024 के बीच आरोपियों ने डबवाली के सिरसा रोड स्थित न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर एजेंसी से 29 ट्रैक्टर निकलवाए।

### आधार व पैन में छेड़छाड़

इस सारे मामले में ट्रैक्टर लोन की किश्त डिफॉल्ट होने के बाद कंपनी के अधिकारी जब बताए गए खरीदारों के पते पर पहुंचे तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने कभी ट्रैक्टर खरीदा ही नहीं जबकि कुछ पते फर्जी निकले, वहां कोई मौजूद नहीं मिला। कई मामलों में सिर्फ आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग किया गया था। अब पुलिस ने जिन लोगों को नामजद किया गया है उनमें सूर्य प्रकाश कंपनी का रिलेशनशिप मैनेजर है। कुलदीप सिंह निवासी ढाणी राम सिंह, ऐलनाबाद, सह-आरोपी, वीरेंद्र, गांव जोधकां सह-आरोपी है।

#### अजय चौटाला का भड़काऊ बयान

## बांग्लादेश व नेपाल की तरह शासकों को पीटकर गद्दी खाली करवाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला के एक विवादित व भड़काऊ बयान ने सियासी गलियारों को गरमा दिया है। महेंद्रगढ़ में आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन में उन्होंने कहा कि शासकों को गद्दी से खींचकर सड़कों पर दौड़ाकर पीटने का काम करना पड़ेगा। इनको देश छोड़ने पर मजबूर करने का काम करना पड़ेगा। जिस तरीके से बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका में नौजवानों ने किया, ऐसा ही आंदोलन यहां करना पड़ेगा। तभी जाकर हमारा इस कुशासन से पीछा छूटेगा। उनके इस भड़काऊ बयान पर प्रदेश में तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है।

#### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पलटवार

## लठ की ताकत से सरकार चलाने वालों को भाजपा का सुशासन नहीं पच रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने जजपा अध्यक्ष अजय चौटाला के उस बयान की भर्त्सना की है, जिसमें चौटाला ने लोगों से चुने हुए प्रतिनिधियों को पीटने और भारत में बांग्लादेश जैसा माहौल बनाने को भड़काया है। बड़ौली ने चौटाला के बयान को बेतुका, बेहद शर्मनाक और अराजकता पैदा करने वाला बताया है। बड़ौली ने कहा कि जिस तरह की भाषा का प्रयोग जेजेपी अध्यक्ष चौटाला ने किया है इससे साफ हो गया है कि अजय चौटाला का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपनी सरकार दबंगई और लठ के जोर पर चलाई हो उन्हें भाजपा का सुशासन पच नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि अपने घटिया बयान पर अजय चौटाला को प्रदेश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

## 20 से अधिक घोटाले कर भाजपा ने जनता को लगाई चपत : ढांडा

- श्रम विभाग का 1,500 करोड़ का वर्क स्लिप घोटाला बीजेपी शासन में गरीब मजदूरों के साथ सबसे बड़ा धोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि श्रम विभाग का 1,500 करोड़ रुपये का वर्क स्लिप घोटाला बीजेपी शासन में गरीब मजदूरों के साथ सबसे बड़ा धोखा साबित हुआ है। हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में करीब 6 लाख वर्क स्लिप की जांच में 5.46 लाख से अधिक वर्क स्लिप फर्जी पाई गईं, यानी 90 प्रतिशत से ज्यादा गड़बड़ी। 2.21 लाख पंजीकरण में सिर्फ 14,240 ही सही निकले। फर्जी मजदूरों के नाम पर मातृत्व लाभ, शिक्षा सहायता और स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं से एक व्यक्ति पर औसतन 2 से ढाई लाख रुपये तक निकाले गए, जबकि असली मजदूर आज भी लाभ से वंचित है।



अनुराग ढांडा ने कहा कि इन 11 वर्षों में हरियाणा में 20 से ज्यादा बड़े घोटाले सामने आए, जिनमें कई मामलों में हजारों करोड़ रुपये के नुकसान की बात कैग रिपोर्ट, कोर्ट की टिप्पणियों, ईडी-विजिलेंस जांच और दर्ज एफआईआर से स्पष्ट होती है।

खनन क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नूंह जिले में अवैध खनन से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी नुकसान का आकलन सामने आया। किसानों के नाम पर पैडी प्रोक्योरमेंट में भी भारी घोटाला हुआ। 2025 में करनाल सहित कई जिलों में दर्ज एफआईआर में सामने आया कि एक ही मिल में 24,431 क्विंटल पैडी, जिसकी कीमत लगभग 6.31 करोड़ रुपये थी, कागजों से गायब पाई गई। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 के बीच एचटेट, एचएसएससी, एचपीएससी और पुलिस भर्ती सहित 20 से ज्यादा भर्ती घोटाले सामने आए, 29 से अधिक एफआईआर दर्ज हुईं और कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं।

#### निर्णय | सोशल मीडिया पर चल रहे दावों को सीएम ने किया खारिज

# मंत्री समूह में बदलाव की अटकलों पर नायाब विराम

मंत्रियों के कामकाज को बताया बेहतरीन

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा में मंत्री समूह में बदलाव की खबरों और अटकलों पर पूरी तरह से विराम लग गया है। सोशल मीडिया में आए दिन तरह-तरह के दावे करने व चर्चा फैलाने की खबरों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विराम लगा दिया है। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के दावों और नए साल में बदलाव की खबरों को लेकर सीएम ने जहां साफ इनकार कर दिया है, वहीं अपने मंत्रिमंडल के साथियों के कामकाज पर मुहर लगाते हुए बेहतरीन परफार्मेंस वाली बात कही है। मुख्यमंत्री ने बीती शाम को 2026 के पहले दिन ही नए साल की शुभकामनाएं सभी को दीं और कहा कि साल के पहले दिन ही इस तरह की बात न की जाए तो बेहतर बात है। मंत्रिमंडल में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। मंत्रिमंडल में बदलाव की किसी भी संभावना को मैं खारिज करता हूं। सभी साथी बढ़िया काम कर रहे हैं और किसी तरह के बदलाव की कोई गुंजाइश नहीं है। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ ही केंद्रीय हाईकमान द्वारा एक रिपोर्ट तैयार की जा रही थी। जिसमें कई की परफॉर्मेंस खराब बता दावा किया जा रहा था कि जल्द ही बदलाव होगा। जिन मंत्रियों को मंत्रिमंडल से हटाने की चर्चा की जा रही थी, उसमें दो मंत्री दक्षिण हरियाणा जबकि दो मंत्री मध्य हरियाणा क्षेत्र के साथ-साथ में दो मंत्रिमंडल के साथियों को उत्तर हरियाणा से बदलने के दावे थे।



### पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भी कई दावे

भाजपा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए भी नए चेहरे की घोषणा संबंधी दावे किए जा रहे हैं। सूबे में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन लाल बडौली हरियाणा भाजपा अध्यक्ष हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें ही दोबारा इस पद पर काम करने का मौका दिए जाने के संकेत दिए हैं। उसके बाद भी पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाने के दावे किए जा रहे हैं। दिल्ली में एक प्रमुख व्यक्ति के आवास पर चार से पांच वरिष्ठ नेताओं की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर सहमति भी बनी थी। बडौली के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु, कृष्ण लाल पंवार, कृष्ण बेदी, सुरेंद्र पुनिया, अजय गौड़, संजय भाटिया, पूर्व मंत्री असीम गोयल, सुनीता दुग्गल और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के नाम प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर लगातार लिए जा रहे हैं।



# साल 2026 की पहली बड़ी डील, मर्ज होंगी केएफसी व पिज्जा हट चलाने वाली कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केएफसी और पिज्जा हट की ऑपरेटर कंपनी सफायर फूड्स इंडिया लिमिटेड, देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड में मर्जर करने जा रही है। खास बात तो ये है कि पिज्जा-बर्गर की दुनिया का सबसे बड़ा मर्जर माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह डील ऐसे समय में हो रही है जब भारत में फास्ट-फूड फ्रेंचाइजी को घटती बिक्री और मार्जिन के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के चलते उपभोक्ता बाहर खाना खाने के बजाय घर पर ही खाना ऑर्डर कर रहे हैं। डील के तहत देवयानी, सफायर के प्रत्येक 100 शेयरों के बदले 177 शेयर जारी करेगी और उसे ज्वाइंट यूनिट के ऑपरेशन के दूसरे पूरे वर्ष से 210 करोड़ रुपए से 225 करोड़ रुपए तक के सालाना फायदे की उम्मीद है। डील के तहत, ग्रुप की कंपनी आर्कटिक इंटरनेशनल, मौजूदा प्रमोटरों से सफायर फूड्स की लगभग 18.5 प्रतिशत पेड-अप इक्विटी का अधिग्रहण करेगी।

## देवयानी इंटरनेशनल और सफायर फूड्स के शेयरों में हलचल

### प्रोसेस में लगेगा 15 महीने तक का समय

प्रस्तावित मर्जर को सभी नियामक एवं वैधानिक स्वीकृती लेना बाकी है, जिसमें स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण तथा दोनों कंपनियों के शेयरधारकों और लेनदारों की स्वीकृति शामिल है। इन स्वीकृतियों को प्राप्त करने की प्रक्रिया में लगभग 12 से 15 महीने लगने की उम्मीद है, जिसके बाद मर्जर प्रभावी हो जाएगा। यम ब्रांड्स की साझेदार कंपनियां भारत और विदेशों में 3,000 से अधिक आउटलेट संचालित करती हैं, जिनमें केएफसी और पिज्जा हट के डाइन-इन रेस्टोरेंट शामिल हैं।



### देश की सबसे बड़ी होगी क्यूएसआर

कंपनी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार लेनदेन पूरा होने पर, देवयानी इंटरनेशनल दोनों कंपनियों के संचालन को मिलाकर भारत के सबसे बड़े क्विक-सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) संचालकों में से एक बन जाएगी। देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष रवि जयपुरिया ने कहा कि देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड और सफ़ायर फ़ूड्स इंडिया लिमिटेड का मर्जर हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और निर्णायक कदम है।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1)MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (M R CHEMICAL FACTORY) REG.NO.-HR67C7539 -YOM-2020
2) MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (SURESH MANDAL ) REG.NO.-HR39F7900 -YOM-2024
3) TATA LPTK 3118 FULLY BUILT TIPPER (RAJESH SANJAY) REG.NO.-OD35B6085 -YOM- 2017
4) ASHOK LEYLAND LIMITEDCB_ TIPPER_AL_5525_ASHOK_LEYLAND (JAGDISH SINGH) REG.NO.-HR46F2376 -YOM-2022
5)1512CABIN_CHASIS TATA MOTORS (NARNAUL GOLDEN TRANSPORTCOMPANY) REG.NO.-HR66C9800 -YOM- 2022
6) TATA ACE (GOURAV) REG.NO.-HR39F2888 -YOM- 2023
7) TATA SIGNA 2830(KUMKUM MINES & MINERALS PRIVATE LIMITED) REG.NO.-HR61E7036--YOM- 2023
8) TATA LPTK 3118 FULLY BUILT TIPPER(ROHIT RAJESH) REG.NO.-OD35B6087 -YOM- 2017
9) MARUTI_SUPER_CARRY_CNG (VIKRAMISHWER) REG.NO.-HR47G8274 -YOM- 2024
10) TATA LPK 2518 HD FULLY BUILT TIPPER(R.N ASSOCIATES) REG.NO.-HR67C2947 -YOM- 2018
11)BACKHOE LOADER XTRA 3DX JCB (YASH CONSTRUCTION COMPANY) REG.NO.-HR14V7452 -YOM- 2024
12) ASHOK_LEYLAND_3718 (RAJ KUMARB) REG.NO.-HR39D1894- YOM- 2011
13) SUPER CARRY CNG (JAPAN RAMPHAL) REG.NO.-HR56C2135 - YOM- 2023
14) TATA_SIGNA_5530_BSVI_ CHASSIS(ANKIT) REG.NO.-HR843423--YOM- 2021
15) EICHER_PRO_2110_E_BS_6_ CAB_CHASSIS(RAJ YADAV) REG.NO.-HR55AP3565-YOM- 2023
16) HYUNDAI_R215LC_7 (YASH CONSTRUCTION COMPANY) REG. NO.-HYNDN635HE0068780-YOM- 2024
17)TATA_SIGNA_5530_BSVI_CHASSIS (JITENDER SINGH) REG.NO.-HR63E8235 -YOM- 2023
18) TATA LPS 4018 FULLY BUILT TRAILER (RAVI) REG.NO.-HR39D2280-YOM- 2016
19) ASHOK LEYLAND DOST GOODS (SURESH) REG.NO.-HR61E8827-YOM 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 09.01.2026 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS: FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

## किसानों के संगठन एफएआईएफए ने किया आगाह

# तंबाकू उत्पादों पर शुल्क में बढ़ोतरी से किसानों को होगा नुकसान, तस्करी को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस (एफएआईएफए) ने शुक्रवार को कहा कि सरकार के तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने से किसानों की आय को नुकसान होगा तथा अवैध व्यापार से पहले से ही जूझ रहे बाजार में तस्करी और बढ़ जाएगी। वित्त मंत्रालय ने चबाने वाले तंबाकू, जर्दा सुगंधित तंबाकू एवं गुटखा पैकिंग मशीन (क्षमता निर्धारण व शुल्क संग्रह) नियम, 2026 के तहत लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 सिगरेट 'स्टिक' पर 2,050-8,500 रुपये का उत्पाद शुल्क एक फरवरी से लगाने की घोषणा की है।

**किसानों की आजीविका पर इसका भारी असर पड़ेगा**

## कर सुधार में सरकार ने आश्वासन के विपरीत निर्णय लिया

### किसानों को लगा गहरा सदमा

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात के उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसानों के संगठन एफएआईएफए ने कहा कि शुल्क में वृद्धि राजस्व-तटस्थ कर सुधार के संबंध में सरकार के आश्वासनों के विपरीत है। एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने बयान में कहा, "हमें यह देखकर गहरा सदमा लगा है कि वादा पूरा नहीं किया गया बल्कि किसानों की आजीविका की कीमत पर करों में भारी वृद्धि से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई है।"



### सिगरेट की खपत कम होगी

किसानों के संगठन ने आगाह किया कि खुदरा कीमतों में वृद्धि से सिगरेट की कानूनी खपत कम हो जाएगी जिससे घरेलू स्तर पर उगाए गए तंबाकू की मांग प्रभावित होगी तथा संभावित रूप से फसल बाजार में अधिकता उत्पन्न हो जाएगी।

### सरकारी राजस्व में कमी आएगी

संगठन ने आगाह किया कि करों के कारण कीमतों में वृद्धि से वैध तथा तस्करी वाले उत्पादों के बीच का अंतर बढ़ेगा जिससे प्रवर्तन प्रयासों में बाधा आएगी एवं सरकारी राजस्व में कमी आएगी। एफएआईएफए के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दशक में एफसीवी तंबाकू का उत्पादन लगभग स्थिर रहा है। 2023-24 में नीलाम की गई मात्रा 30.421 करोड़ किलोग्राम थी।

### खेती का क्षेत्रफल 2013-14 से घट गया

खेती का क्षेत्रफल 2013-14 में 2,21,385 हेक्टेयर से घटकर 2020-21 में 1,22,257 हेक्टेयर हो गया है जिसके परिणामस्वरूप कृषि एवं नीलामी तंत्र में करीब 3.5 करोड़ मानव श्रम दिवस के रोजगार का नुकसान हुआ है। बढ़ती लागतों ने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के उर्वरक मूल्य सूचकांक में 2025 की शुरुआत से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिसमें 'डाई-अमोनियम फॉस्फेट' की कीमतों में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि अधिसूचित कृषि मजदूरी दरें वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत बढ़ी हैं। एफएआईएफए ने सरकार से उत्पाद शुल्क वापस लेने और राजस्व-तटस्थ शुल्क लागू करने का आग्रह किया है जो तस्करी को हतोत्साहित करते हुए घरेलू कृषि का समर्थन करे।

### एफसीवी तंबाकू पर प्रति खराक छह रुपए से अधिक का कर

संगठन ने बताया कि तैयार उत्पादों में एफसीवी तंबाकू पर प्रति खुराक छह रुपये से अधिक का कर लगता है जबकि बीड़ी तथा चबाने वाले उत्पादों पर प्रति इकाई एक पैसे से भी कम कर लगता है। एफएआईएफए द्वारा उद्धृत उद्योग अनुमानों के अनुसार भारत, दुनिया का चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार बनकर उभरा है जिसमें अवैध उत्पादों का कुल खपत में करीब 26 प्रतिशत हिस्सा है।

# सोने में 1,100 और चांदी में 4,000 रुपये की रही तेजी

**सोना बढ़कर 1.39 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर चांदी में आया 2,41,400 रुपये प्रति किलो की तेजी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत भी 4,000 रुपये बढ़कर 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 67.47 डॉलर या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 4,392.94 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख, प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ 4,390 डॉलर पर रहा। इस तेजी के पीछे कोई साफ वजह नहीं है, इसलिए इसका कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और इस धातु के लिए सकारात्मक बाजार परिदृश्य हो सकता है। सिंह ने इस धातु के अल्प अवधि के परिदृश्य के बारे में कहा, ''अगले सप्ताह जारी होने वाली आईएसएम विनिर्माण, आईएसएम गैर-विनिर्माण और गैर-फार्म पेरोल रिपोर्ट सहित जरूरी अमेरिकी रिपोर्ट जारी होने से पहले, सोने के 4,250-4,335 डॉलर प्रति औंस के बीच कारोबार करने की उम्मीद है।'' विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी 3.06 डॉलर यानी 4.28 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### वैश्विक बाजार में चांदी में रही तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतों ने शुक्रवार को वर्ष 2026 की सकारात्मक शुरुआत की। वर्ष 2025 में चार दशकों से ज्यादा समय में सबसे मजबूत सालाना बढ़ोतरी के बाद यह तेजी आई।"

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# निफ्टी ने नया शिखर छुआ, सेंसेक्स ने 573 अंकों की लगाई ऊंची छलांग

**मुंबई।** बिजली, बैंक एवं धातु शेयरों में मजबूत खरीदारी से शुक्रवार को प्रमुख इक्विटी सूचकांक निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद 182 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि बीएसई सेंसेक्स में 573 अंकों की तेजी दर्ज की गई। कारोबारियों के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों की तरफ से पूंजी निवेश का सिलसिला जारी रहने और एशियाई बाजारों में मजबूती से घरेलू शेयर बाजारों को तगड़ा समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.41 अंक बढ़त के साथ 85,762.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 623.67 अंक चढ़कर 85,812.27 तक पहुंच गया था।निफ्टी 182 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 193.45 अंकों की बढ़त के साथ 26,340 का अपना सर्वकालिक उच्च स्तर भी हासिल किया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"नए साल की छुट्टियों के बाद वैश्विक बाजारों ने 2026 का सकारात्मक आगाज किया जबकि मजबूत वाहन बिक्री ने घरेलू बाजार को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। तीसरी तिमाही के नतीजों की तरफ ध्यान केंद्रित होने के बीच निवेशक धारणा रचनात्मक बनी हुई है।/"

■ बिजली, बैंक एंव धातु शेयरों में रही बड़ी खरीदारी

# विदेशी मुद्रा भंडार में हुई 3.29 अरब डॉलर बढ़ोतरी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.61 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 4.36 अरब डॉलर बढ़कर 693.31 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 26 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाले विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 18.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 559.61 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 113.32 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार छह करोड़ डॉलर बढ़कर 18.80 अरब डॉलर हो गया।

■ समाप्त सप्ताह को भंडार बढ़कर 696 .61 अरब डॉलर

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# एलआईसी कालातीत (Lapsed) हो चुकी पॉलिसी को फिर से शुरू करने का शानदार मौका दे रहा है

**नई दिल्ली।** एलआईसी कालातीत (Lapsed) हो चुकी पॉलिसी को फिर से शुरू करने के लिए एक आकर्षक ऑफर लेकर आया है। 01.01.2026 से 02.03.2026 तक व्यक्तिगत कालात्तीत (Lapsed) पॉलिसी के लिए एक विशेष पुनर्वलन अभियान शुरू किया गया है। सभी नॉन-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान पर विलंब शुल्क में रियायत छूट दी जा रही है, जो स्कीम के तहत पुनर्चलन के लिए योग्य होने पर विलंब शुल्क का 30% तक या अधिकतम 5000/- रुपये तक है। विलंब शुल्क में रियायत नीचे दी गई टेबल के अनुसार हैः इस विशेष पुनर्चलन अभियान के तहत, पॉलिसी को पहले बिना भुगतान किए प्रीमियम की तारीख से 5 साल के भीतर पॉलिसी के नियमों और शर्तों को पूरा करने पर फिर से शुरू किया जा सकता है। जो पॉलिसी प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान कालातीत हो गई हैं और पॉलिसी की अवधि पूरी नहीं हुई है, वे इस अभियान में फिर से शुरू करने के लिए योग्य हैं। मेडिकल/स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर कोई रियायत नहीं है। यह अभियान उन पॉलिसीधारकों के फायदे के लिए शुरू किया गया है जो किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति के कारण समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं कर पाए थे। पूरा इंश्योरेंस लाभ पाने के लिए पॉलिसी को चालू रखना ज़रूरी है। पुरानी पॉलिसी को फिर से शुरू करना और इंश्योरेंस कवर को बहाल करने की हमेशा सलाह दी जाती है। LIC अपने पॉलिसीधारकों और उनके परिवार के सदस्यों की भलाई के लिए सुरक्षित रहने की उनकी इच्छा को महत्व देता है।

विज्ञापन सं: NSIL/02/2025 (संविदा) दिनांक 31.12.2025
न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल)
CIN: U74999KA2019GOI122175
(अंतरिक्ष विभाग के अधीन भारत सरकार का एक उपक्रम)
इसरो मुख्यालय परिसर, न्यू बीईएल रोड, बेंगलूरु-560 094
वेबसाइट: www.nsilindia.co.in

संविदा के आधार पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति

न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल), जो अंतरिक्ष विभाग (अं.वि) के अधीन भारत सरकार की एक कंपनी है, निम्नलिखित पदों के लिए संविदा के आधार पर गतिशील और परिणामोन्मुखी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करती हैः

| क्र.सं | पद का नाम | रिक्तियों की संभावित संख्या | रिक्तियों की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ परामर्शदाता-वित्त | 01 | अनारक्षित-01 |
| 2. | परामर्शदाता-वित्त | 02 | अनारक्षित-01 अ.ज.जा-01 |
| 3. | युवा परामर्शदाता- भू खंड | 02 | अनारक्षित-01 अ.पि.व-01 |
| 4. | परामर्शदाता- मा.सं. एवं प्रशासन | 02 | अनारक्षित-01 अ.जा.-01 |
| 5. | परामर्शदाता- क्रय व भंडार | 02 | अनारक्षित-01 अ.पि.व-01 |
| 6. | युवा परामर्शदाता-उपग्रह विनिर्माण | 02 | अनारक्षित-01 ईडब्ल्यूएस-01 |
| 7. | परामर्शदाता- उपग्रह आधारित सेवाएं | 02 | अनारक्षित-01 अ.जा.-01 |
| 8. | परामर्शदाता - भू प्रेक्षण | 01 | अ.पि.व.-01 |
| 9. | परामर्शदाता - साइबर सुरक्षा | 01 | अनारक्षित-01 |
| 10. | परामर्शदाता - प्रणाली एवं अनुप्रयोग | 01 | अ.पि.व.-01 |

उपरोक्त पद पूरी तरह संविदात्मक हैं और परियोजना के पूर्ण होने के साथ ही समाप्त हो जाएंगे। वेतन, आवश्यक योग्यता, निबंधन एवं शर्तें, आवेदन प्रपत्र, साक्षात्कार का स्थल इत्यादि जैसे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.nsilindia.co.in के करियर अनुभाग को देखें।

आवेदन की अंतिम तिथि: 31 जनवरी 2026

CBC 49120/12/0003/2526

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 658 दिनांक 25.08.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान
नाम - पकंज पासवान।
पिता का नाम - अशोक पासवान।
पता - वासी गाँव पिपरा झारखण्ड़ हाल गाँव नाथूपुर जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 26 वर्ष।
कद - 5"6' फुट।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, लम्बी नाक, पतला शरीर है।
पहनावा - हल्के भूरे रंग की शर्ट, नीले रंग की जीन्स व पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए है।




सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 19.08.2025 को पकंज पासवान पुत्र अशोक पासवान वासी गाँव पिपरा झारखण्ड़ हाल गाँव नाथूपुर जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना - 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-7015024855
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/4304/2026/41714/88/6 दि. 02.01.26

## शब्द पहेली - 6097




**बाएँ से दाए-**
1.फिसलना-4
5.गुनाह,जुर्म-4
8.नाव चलानेवाला-3
9.लड़ी,श्रंखला -2
11.ईर्ष्या,डाह-3
12.उद्देश्य,वजह-4
14.भोजन-2
15.थकावट-3
17.जी,चित-2
19.मंत्र पढ़ना-2,3
22.राजपुत्र,राज कुंवर-2,3
25.यात्रा करनेवाला-2
26.समझौता,संधि-3
27.ईसाई साध्वी-2
28.मनमुटाव-4
30.नौकर-3
31.बदला-2
33.गर्भ,कोख-3
35.रुआफ-4
36.सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2.लम्हा,क्षण-2
3.नामित,मनोनीत-4
4.रनिवास,हरम-5
5.बुद्धि-3
6.गोंद,लाख-2
7.हृदयगति,स्पंदन- 4
10.विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13.शिक्षा,पाठ-3
16.कालिख,कालापन-3
17.इंकार,मनाही-2
18.झंडा,पताका-2
20.चौकसी, रखवाली-3
21.मोटा आटा, सूजी -2
22.निशा,रात-2
23.अच्छे कुल का-3
24.प्रस्थान,विदा-4
25.यान चलाने वाला-2,3
26.सुंदरी,षोडशी, कुमारी-4
28.प्रार्थना,मनोकामना-4
29.गरल,विष-3
32.ताला (अंग्रेजी-2)
34.पात्र,थापा,संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6096 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | | | क | मी | ज | |
| रा | ल | | न | | श | प | थ | | मा | मा |
| म | | | ध | नि | क | | न | | | लि |
| दे | ह | दा | न | | | अ | | ल | ल | क |
| ह | | खि | | बे | शु | मा | र | | ह | |
| | सा | ल | | ल | | न | | सु | र | |
| | हि | | ब | गा | व | त | | र | | हा |
| ज | ल | न | | म | | | अ | भि | मा | नि |
| ग | | | चु | | रा | ज | न | | | का |
| त | र | | ना | ह | क | | ब | | चा | र |
| | ब | हा | व | | | म | न | मो | ह | क |



# राहुल के 'वोट चोरी' नैरेटिव की धज्जियां उड़ीं, 83.61% जनता ने ईवीएम पर जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली /बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद ईवीएम को लेकर चल रही सियासी बहस के बीच कर्नाटक की एक रिपोर्ट ने चर्चा का रुख ही बदल दिया है। खास बात यह है कि यह रिपोर्ट किसी विपक्षी सरकार या निजी संस्था की नहीं, बल्कि खुद कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार के आदेश पर कराए गए सर्वे की है। इसमें राज्य के बड़े हिस्से में लोग इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम पर भरोसा करते हैं। सर्वे में 83.61 फीसदी जनता ने साफ-साफ कहा है कि उन्हें 'ईवीएम पर पूरा भरोसा है'। इस सर्वे ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोट चोरी के नैरेटिव को फेल कर दिया है। उसकी धज्जियां उड़ा दी है। अब भाजपा ने राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले आरोपों पर तीखा हमला बोला है।

**102** विधानसभा क्षेत्रों में कराया गया था सर्वे

**5,100** लोगों से बात की गई

**69.39** प्रतिशत लोगों सही नतीजा बताया

**14.22** प्रतिशत ने सहमति जताई

यह रिपोर्ट किसी विपक्षी सरकार या निजी संस्था की नहीं, बल्कि खुद कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार के आदेश पर कराया गया था

## कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कराया था सर्वे



कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने कराया है सर्वे

इस सर्वे का नाम है- लोकसभा चुनाव 2024: नागरिकों के ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार (केएपी का एंडलाइन मूल्यांकन)। इसे कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अंबुकुमार के जरिए कराया गया था। सर्वे में राज्य के 102 विधानसभा क्षेत्रों से 5,100 लोगों से बात की गई। 83.61 प्रतिशत लोगों ने माना कि ईवीएम भरोसेमंद हैं। 69.39 प्रतिशत लोगों ने कहा कि ईवीएम सटीक नतीजे देती हैं, जबकि 14.22 प्रतिशत ने इस बात से पूरी तरह सहमति जताई।

भाजपा ने राहुल को घेरा

## कांग्रेस के मुंह पर ये करारा तमाचा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार भाजपा और केंद्रीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर ईवीएम में हेराफेरी और 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। इस सर्वे पर कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने एक्स पर लिखा, वर्षों से राहुल गांधी पूरे देश में यही कहानी सुनाते रहे हैं कि भारत का लोकतंत्र 'खतरे' में है। ईवीएम 'अविश्वसनीय' हैं और हमारे संस्थानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। भाजपा ने कहा कि लोग चुनाव, ईवीएम और भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं।

## लोगों ने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष बताया: शाइना



शिवसेना नेता शाइना एनसी ने भी कर्नाटक सरकार की ओर से चुनाव प्रक्रिया पर किए गए ताजा सर्वे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी ने कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा नहीं किया। कर्नाटक निगरानी एवं मूल्यांकन प्राधिकरण यानी केएमईए ने 2024 के लोकसभा चुनावों पर यह सर्वे किया, जिसमें 5,100 लोग शामिल हुए। सर्वे 102 विधानसभा क्षेत्रों में किया गया।

### अब ईवीएम पर सवाल क्यों?



इससे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और चुनाव आयोग पर सभी संदेह खत्म हो जाते हैं। मुझे लगता है कि अब राहुल और कांग्रेस के लिए देश से माफी मांगने का समय आ गया है, क्योंकि उन्होंने उन्होंने केवल झूठ फैलाए हैं और यहां आपने देखा है कि इससे इन दावों का हमेशा के लिए अंत हो जाता है।

---

बंगाल में एसआईआर पर नहीं थम रहा बवाल, भाजपा ने फिर उठाए सवाल

# ममता तुष्टीकरण के लिए घुसपैठियों को दे रहीं 'शह', ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बंगाल में हो रही एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने पर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर कई सवाल खड़े किए हैं। इस दौरान उन्होंने राज्? सरकार पर कई आरोप लगाए हैं और कहा कि ममता आपने फायदे के लिए राज्य और देश से खिलवाड़ कर रही हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता की तुष्टीकरण की राजनीति के कारण उनका घुसपैठियों के प्रति नरम रवैया है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर कानूनी प्रक्रिया है लेकिन ममता बेनर्जी इसका विरोध कर रही हैं।

## एसआईआर कानूनी प्रक्रिया... फिर सीएम ममता क्यों कर रहीं विरोध?

**बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई**

### चौधरी ने तो कहा था यहां वोट डकैती हो रही



पार्टी मुख्यालय में भाजपा के प्रवक्ता भाटिया ने कहा

भाजपा नेता गौरव भाटिया कहते हैं कि अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी न सिर्फ वोटों की चोरी करती है, बल्कि वोट डकैती भी करती है। अगर ममता वोटों की चोरी कर रही हैं और हम जंगल राज की बात कर रहे हैं, तो यह भारत गठबंधन एक साथ चुनाव क्यों लड़ रहा था। अधीर रंजन चौधरी तो यहां तक कह रहे हैं कि ममता बंगाल में एसआईआर (चुनाव प्रचार प्रक्रिया) को लागू नहीं होने देंगी। एसआईआर एक कानूनी प्रक्रिया है। पश्चिम बंगाल में वोटों की चोरी, या यूं कहें कि वोट डकैती हो रही है और ममता ही इसे अंजाम दे रही हैं। गृह मंत्री और नागरिकों को जिस तरह से धमकियां दी जा रही हैं, उससे साफ पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

### मैं जमीन पर लड़ाई लड़ूंगा

**बंगाल की जनता के अधिकारों को छीन रही भाजपा**



टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बsनर्जी ने कहा कि भाजपा एसआईआर के माध्यम से बंगाल की जनता के अधिकारों को छीनना चाहती है। शुक्रवार को मैं आगामी चुनाव के लिए अपना यह बड़ा अभियान बरुईपुर से शुरू कर रहा हूं। कल मैं अलीपुरद्वार जाऊंगा और लगातार कई जिलों का दौरा करूंगा। मैं ममता बेनर्जी के सिपाही के रूप में आपके साथ जमीनी स्तर पर लड़ूंगा।

## 'सर' में वैध पहचान पत्र नहीं माना जाएगा 2010 के बाद जारी ओबीसी कॉर्ड

निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी किया है कि बंगाल सरकार द्वारा 2010 के बाद जारी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्रों को विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़ी मसौदा मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों के निपटान के दौरान वैध पहचान दस्तावेज नहीं माना जाएगा। यह कदम पिछले वर्ष 24 दिसंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश के बाद आया है जिसमें 2010 से 2024 के बीच जारी 113 समुदायों के अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र कानूनी वैधता पूरी न होने के कारण रद्द कर दिए थे।

### बीएलए शामिल करने की मांग खारिज की

तृणमूल कांग्रेस की बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को शामिल करने की मांग को खारिज करने पर ईसीआई ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। यह सुनवाई सत्र राज्य में तीन चरणों वाले एसआईआर के दूसरे चरण का मुख्य हिस्सा है। अगर सुनवाई सत्र में बीएलए को अनुमति देने की की मांग मान ली जाती है, तो अन्य पार्टियां भी यह मांग करेंगी। छह राष्ट्रीय पार्टियों और दो राज्य पार्टियों की ऐसी ही मांगों को भी मानना पड़ेगा।

---

# पथराव वाली जगहों पर चले बुलडोजर, चौमूं में बवाल के बाद कार्रवाई, अतिक्रमण धराशायी

एजेंसी ▶▶ चौमूं

जयपुर के पास चौमूं में भड़की हिंसा के बाद अब पुलिस और प्रशासन ने सख्ती की है। मस्जिद की रेलिंग लगाने को लेकर शुरू हुए विवाद में हिंसा भड़क गई थी। अतिक्रमण हटाने आई पुलिस पर उपद्रवियों ने जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने 75 उपद्रवियों को अरेस्ट किया था। अब पथराव वाली जगहों पर जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाया गया है। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। 25 दिसंबर की रात चौमूं के बस स्टैंड इलाके में उस समय तनाव फैल गया था, जब मस्जिद के पास लगी रेलिंग हटाने को लेकर विरोध हुआ था। पहले दोनों पक्षों की सहमति थी, लेकिन जब पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची तो जमकर बवाल शुरू हो गया था। पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकांश दुकानों के शटर बंद रहे।



### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

पहले हुई पथराव की घटना को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस को मौके पर तैनात किया गया था। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा और एडिशनल डीसीपी राजेश गुप्ता खुद भी मौके पर मौजूद थे।

## भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का आज उद्घाटन करेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली के राय पिथौरा कल्चरल कॉम्प्लेक्स में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेषों की ग्रैंड इंटरनेशनल प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इसका शीर्षक द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन है।प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के नेक विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह हमारे युवाओं और हमारी समृद्ध संस्कृति के बीच के बंधन को और गहरा करने का भी प्रयास है।



### विभिन्न खंडों में होगा आयोजन

प्रधानमंत्री ने लिखा कि 3 जनवरी इतिहास, संस्कृति और भगवान बुद्ध के आदर्शों में रुचि रखने वालों के लिए एक बेहद खास दिन है। यह प्रदर्शनी विभिन्न विषयों पर आधारित खंडों में विभाजित है। इसके केंद्र में सांची स्तूप से प्रेरित एक पुनर्निर्मित मॉडल रखा गया है, जिसमें राष्ट्रीय संग्रहों के प्रामाणिक अवशेषों के साथ स्वदेश लौटाए गए रत्नों को एक साथ प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के अन्य खंडों में पिपरहवा रिविजिटेड, बुद्ध के जीवन की झलकियां भी दिखाई देंगी।

---


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 13 में ढाणी कुम्भा वाली और ढाणी बाणिया वाली में शमशान घाट की चारदिवारी + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.01.2026 | रु. 1,07,31,042/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41705/I/88/6 दि. 02.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जसबीर कॉलोनी वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में होटेक लेवेनियर के साथ लगती सी.सी. गली का निर्माण + 2 कार्य। | 01.01.2026 08.01.2026 | रु.32,69,911/- | https://etenders.hry.nic.in | 967283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41685/I/88/6 दि. 02.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | मोहल्ला बास में धानक समाज धर्मशाला का निर्माण + 6 कार्य (नारनौल)। | 29.12.2025 05.01.2025 | रु.43,87,663/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 ec-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41678/I/88/6 दि. 02.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड, करनाल | स्मार्ट सिटी मिशन करनाल के तहत ईपीसी मोड, करनाल पर कम्पबोपुरा में शूटिंग रेंज सहित वॉलीबॉल कॉम्पलैक्स का निर्माण। | 31.12.2025 21.01.2026 | रु.10,03,43,661/- | https://etenders.hry.nic.in | 9818525505 smartcitykarnal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41699/I/88/6 दि. 02.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एम.सी. हिसार में राजगुरू मार्केट में पार्किंग एरिया और पंजाबी धर्मशाला हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 12.01.2026 | रु. 12.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |
| 2 | नगर निगम हिसार | 5 वर्ष के लिए एसओपी के अनुरूप एमसी हिसार के एचएसवीपी सेक्टरों (सेक्टर-33, सेक्टर-3/5, सेक्टर-14 पार्ट-2, सेक्टर-1/4) में रोड स्वीपिंग हेतु एजेंसी का चयन। | बंद होने की तिथि 21.01.2026 | रु. 1127.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/41680/I/88/6 दि. 02.01.26


# 19 राज्यों में अब घर बैठे देख सकेंगे जमीन के कागजात




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब देश के 19 राज्यों के नागरिक अपने जमीन के कागजात (लैंड रिकॉर्ड) घर बैठे डिजिटल रूप में डाउनलोड कर सकेंगे। ये कागज कानूनी रूप से मान्य होंगे। इसके अलावा 406 जिलों में बैंक अब ऑनलाइन ही जमीन गिरवी रखने (मॉर्गेज) की जानकारी जांच सकते हैं, जिससे लोगों को लोन जल्दी मिलने में मदद मिलेगी। सरकार के अनुसार भूमि संसाधन विभाग ने जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। इससे जमीन से जुड़े काम अब ऑनलाइन होने लगे हैं।

### 1,050 करोड़ की सहायता मंजूर

केंद्र ने 2025-26 की योजना के तहत 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 1,050 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की है। सरकार ने जमीन के लिए एक खास पहचान संख्या भी शुरू की है, जिसे यूएलपीआईएन कहा जाता है। यह 14 अंकों का नंबर होता है और इसे जमीन का आधार कार्ड कहा जा रहा है। नवंबर 2025 तक देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 36 करोड़ से ज्यादा लैंड पार्सल को यह नंबर दिया जा चुका है।

### 97% से ज्यादा गांवों में रिकॉर्ड कंप्यूटर पर दर्ज

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार देश के 97 प्रतिशत से ज्यादा गांवों में जमीन के अधिकार से जुड़े रिकॉर्ड कंप्यूटर पर दर्ज किए जा चुके हैं। नक्शे भी डिजिटल बना दिए गए हैं। करीब 85 प्रतिशत गांवों में जमीन के लिखित रिकॉर्ड को नक्शों से जोड़ दिया गया है। शहरों में जमीन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 'नक्शा' (एनएकेएसएचए) यानी 'राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित शहरी आवास भूमि सर्वेक्षण' योजना शुरू की गई है।इस योजना के तहत देश के 157 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में काम किया जा रहा है। इनमें से 116 यूएलबी में हवाई सर्वे पूरा हो चुका है, जिसमें हाई-रिजॉल्यूशन इमेज के साथ 5,915 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर किया गया। सरकार ने बताया कि 72 शहरों में जमीनी स्तर पर जांच शुरू हो चुकी है और 21 शहरों में यह काम पूरी तरह खत्म हो गया है। मंत्रालय के अनुसार सरकार ने राष्ट्रीय दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली शुरू की है, जिससे जमीन की खरीद-बिक्री आसान हो गई है।




## चिंतन

# खुद को संभाले अमेरिका भारत को नसीहत नहीं दे

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की ओर से खालिद के समर्थन में पत्र लिखे जाने के बाद अब अमेरिका के आठ सांसदों ने भी उसका समर्थन करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार निष्पक्ष ट्रायल दिलाने की अपील की है। यह पत्र अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को भेजा गया है। इस पत्र का नेतृत्व हाउस रूल्स कमेटी के रैंकिंग मेंबर और टॉम लैंटोस ह्यूमन राइट्स कमीशन के सह-अध्यक्ष जिम मैकगवर्न ने किया है। वे मैसाचुसेट्स के दूसरे संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेट सांसद भी हैं। उनके साथ 7 अन्य सांसदों ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि खालिद को यूएपीए के तहत 5 साल से बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। उसकी तुरंत रिहाई सुनिश्चत की जाए और मामले में निष्पक्ष सुनवाई की जाए। बताया जा रहा है कि जिम मैकगवर्न और अन्य सांसदों ने दिसंबर की शुरुआत में उमर खालिद के माता-पिता से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की है। अमेरिकी सांसदों ने खालिद की गिरफ्तारी को धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ा। खालिद का मामला भड़काऊ भाषण और सांप्रदायिक हिंसा से जुड़ा है, इसलिए इस मामले में अमेरिका भारत को नसीहत न दे और खुद को संभाले। देखा जाए तो भारत में अमेरिका की बजाय कानून काफी लचीला है, भारतीय कानून में कॉमन लॉ, प्रथागत कानून और धार्मिक कानून का मिश्रण है, वहीं अमेरिकी कानून मुख्य रूप से अंग्रेजी कॉमन लॉ पर आधारित है। अमेरिका में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और सरकार का प्रमुख होता है, जबकि भारत में राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष और प्रधानमंत्री सरकार का प्रमुख होता है। भारत का कहना है कि खालिद को फरवरी 2020 के भाषणों के माध्यम से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और यह एक कानूनी मामला है। इसमें भारतीय कानून के हिसाब से काम चलेगा। अमेरिका को पहले अपने घर को संभालना चाहिए, फिर दूसरों को नसीहत देने की सोचनी चाहिए। भारत एक स्वतंत्र देश है और उसमें अपनी समस्याओं का समाधान खुद निकालने की क्षमता है। अमेरिका को अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि नस्लवाद, बंदूक हिंसा और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। भारत को अपनी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए अमेरिका की नसीहत की जरूरत नहीं है। भारत अपनी नीतियों और निर्णयों के लिए स्वतंत्र है और हमेशा अपने देश के हितों को प्राथमिकता दी है और आगे भी देता रहेगा। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों से वैसे भी अमेरिका की छवि विश्वस्तर पर प्रभावित हुई है। इससे पहले ममदानी ने खालिद को लेकर लिखा था, 'मैं अक्सर आपकी कड़वाहट को लेकर कही गई बातों को याद करता हूं और यह सोचता हूं कि उसे खुद पर हावी नहीं होने देना कितना जरूरी है।' बता दें कि हाल ही में दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने उमर खालिद को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अस्थायी रूप से 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी। खालिद पर दिल्ली दंगों की साजिश मामले में यूएपीए के तहत चार्जशीट दाखिल की गई है। उसकी नियमित जमानत याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# बॉडी रहेगी फिट तो माइंड भी रहेगा हिट

इंटरनेशनल माइंड बॉडी वेलनेस डे यानि अंतरराष्ट्रीय मन-शरीर कल्याण दिवस हर साल 3 जनवरी को दुनियाभर में मनाया जाता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में ये दिन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण एक है। इस दिन का इतिहास मशहूर ज्ञानी हिप्पोक्रेट्स से जुड़ा हुआ है। हिप्पोक्रेट्स को प्राकृतिक चिकित्सा के संस्थापक का दर्जा दिया गया है और उनकी की गई खोज आज भी दुनियाभर में मौजूद है और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। हिप्पोक्रेट्स का मानना है कि स्वस्थ शरीर से हमें एक स्वस्थ दिमाग की प्राप्ति होती है। शरीर को स्वस्थ और फिट रखने की कोशिशें एक बार फिर परवान पर है। हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज, अच्छी नींद आदि आदतें हम रोजाना के जीवन में अपनाएं। शारीरिक गतिविधियां फिट और हेल्दी रहने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना फिजिकल एक्टिविटी के लिए समय निकालें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। फिजिकल एक्टिविटी, जैसे कि एक्सरसाइज, योग और वॉक न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि हमारे मानसिक और समग्र स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। जब आप शारीरिक रूप से एक्टिव रहते हैं, तो शरीर की ऊर्जा बढ़ती है। जिसे 'हैप्पी हार्मोन' भी कहा जाता है। यह हार्मोन हमें खुश और संतुष्ट महसूस कराता है, जिससे तनाव और एंग्जायटी जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। देश में 54 प्रतिशत लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में कोई रुचि नहीं है और 10 फीसदी से कम लोग मनोरंजन के तौर पर शारीरिक गतिविधियां करते हैं। आईसीएमआर डेटा में इस बात का खुलासा हुआ है। आजकल आर्थराइटिस जैसी जोड़ों की बीमारियां उम्र तक सीमित नहीं रह गई हैं बल्कि शारीरिक रूप से काम न करना भी इस बीमारी के बोझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों बताते हैं कि 54.4 फीसदी लोगों की शारीरिक गतिविधियां करने में रुचि नहीं है। इस सरकारी एजेंसी द्वारा की गई स्टडी के अनुसार लोग यात्रा और मनोरंजन से जुड़ी शारीरिक गतिविधियों के मुकाबले काम में ज्यादा समय बिताते हैं। आलसी जीवनशैली, कसरत न करना या प्रोफेशनल की देखरेख के बिना कसरत करने से युवाओं के जोड़ों के लिगामेंट में दिक्कतें होने लगती हैं। चिकित्सकों का कहना है फिजिकली एक्टिव रहना, न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है बल्कि हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। नियमित फिजिकल एक्टिविटी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव को कम करने और जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। ऐसे में लोगों को अपनी पसंद के अनुसार फिजिकल एक्टिविटी में खुद को बिजी रखना चाहिए। तेज चलना, बागवानी या भारोत्तोलन आपका वजन कम करने के अलावा आपको खुश भी रख सकते हैं।

शोध में इसका खुलासा हुआ है कि आपकी शारीरिक गतिविधियों की निरंतरता और उन्हें करने की क्षमता आपकी खुशी के स्तर को बढ़ाती है। शोधकर्ताओं के एक दल ने पाया कि एक सप्ताह में एक बार शारीरिक श्रम करने वाला एक सामान्य वजन का वयस्क बिना शारीरिक श्रम के पूरा सप्ताह गुजारने वाले समान वजन के वयस्क की अपेक्षा 1.4 गुना ज्यादा खुश रहा जबकि सामान्य से अधिक वजन का वयस्क 1.5 गुना ज्यादा खुश रहा। बदलती जीवनशैली के चलते दफ्तर में घंटों बैठे रहकर काम करने और फिर घर में निष्क्रिय जीवन जीने से हमारे शरीर में जंग लगने लगा है और हम बीमारियों का आसान शिकार बनते जा रहे हैं। यह स्थिति तब और भी ज्यादा बिगड़ जाती है जब उम्र 25 पार करती है। 40 की उम्र में आते-आते ज्यादातर लोग आजकल बेहद अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल के नॉर्मल न रह पाने, हड्डियों के भुरभुरा होने, मसल्स में तकलीफ होने, तनाव, डिप्रेशन, मोटापा आदि जैसी समस्याएं घर करने लगती हैं। डिप्रेशन तनाव, चिंता और उदासी का बहुत बड़ा कारण बनता है, जो जल्द ही आपके जीवन पर असर करना शुरू कर देता है। इससे पहले कि यह गंभीर रूप धारण कर लें, डिप्रेशन से निपटने के उपाय करने चाहिए। अवसाद से निपटने का सबसे प्रभावी और प्राकृतिक तरीका शारीरिक गतिविधि है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में 5 में से 1 वयस्क और 5 में से 4 किशोर शारीरिक गतिविधियां नहीं करते, जिससे हेल्थ केयर पर 54 अरब डॉलर का सीधा असर पड़ रहा है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दूषित पेयजल

प्रमोद भार्गव

# स्वच्छता की चादर से ढकी गंदगी

भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी।

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है, लेकिन अब इसकी सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढक दिया गया था, जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। किंतु अब दूषित पेयजल से हुईं 15 मौतों ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल पिलाने में क्यों असफल सिद्ध हो रहे हैं।

मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है, क्योंकि हम बिना भोजन के तो जीवित रह सकते हैं, लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइप लाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित जल शुद्ध पेयजल में लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला जल शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई, लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 15 लोगों की मौत हो गई और 1000 के करीब लोग अस्पतालों में भर्ती हो गए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब कहीं जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से विलय हो रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है, लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वासन क्षेत्र से निर्वाचित हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेदार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर आपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। साफ है कि भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि अब उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। इस दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं हैं, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं।

इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल,



भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है।

इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती? लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह से गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। हालांकि, यहां पानी का टैंकर सुविधा के लिए भेजा जा रहा है, लेकिन इसका पानी उपयोग करने में भी लोग डर रहे हैं। वह आरओ का पानी मंगवाकर पी रहे हैं। दरअसल नागरिकों को शुद्ध पानी पिलाने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पानी पीने के लिए अभिशप्त हैं। इस कारण दुनियाभर में हर साल पचास लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर देते हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में पानी की मानकों के अनुसार जांच ही नहीं होती है। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में पेयजल प्रदाय किया जाता है, लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र की अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलवा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिए जानलेवा भी साबित बना रहे हैं। दरअसल इन स्टील संयंत्रों में लोह के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिए 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में जब तक बार-बार डुबोया जाता है, तब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं ?

बाद में बेकार हो चुके तेजाब को मलबा की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी लाल होकर प्रदूषित हो जाता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है, यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है तो यह जल फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां हैं, जो खराब तेजाब आजू-बाजू की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में विलय होते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनके समाधान प्रदेश की सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित

दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करने की कोशिश करें



संकलित

प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है। श्रीपर्वत पर मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग स्थित है। इस ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती, इन दोनों की ज्योतियां विराजित हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते समय कोई हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिड़की जरूर रखें। - **महेश वर्मा**, कांकेर

## ट्रेंड

### निधन से दुख हुआ



उत्तर प्रदेश के फरीदपुर के विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे जनहित में समर्पित भाजपा के एक कर्मठ नेता थे, जिनके जाने से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!

**- नरेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री**

### बिहू का त्योहार



इस साल असम में बिहू का त्योहार हमारी सभी बहनों के लिए खास होगा। ओरुनोदोई योजना के तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 8,000 रुपये दिए जाएंगे। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारी बहनों के प्रति हमारी देखभाल और सम्मान को दर्शाता है।

**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### पुलिस का अभिनंदन



हम उप्र पुलिस का हार्दिक अभिनंदन करते हैं जो अतिरिक्त सजगता और सतर्कता से माघ मेले में निर्माणाधीन 'श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान' में पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा का कार्य संपन्न कर रही है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### डिलीवरी राइडर्स



लाखों डिलीवरी राइडर्स, जिन्होंने इंस्टेंट कॉमर्स कंपनियों को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दिया, अब अपनी बात सुनाने के लिए विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। गिग इकॉनमी को अपराध-मुक्त शोषण की अर्थव्यवस्था नहीं बनने दे सकते।

**- राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी**

## करंट अफेयर


# पाकिस्तान के तक्षशिला में मिले दुर्लभ सिक्के व पत्थर



पाकिस्तान के पुरातत्वविदों को ऐतिहासिक शहर तक्षशिला के पास यूनेस्को-सूचीबद्ध स्थल की खुदाई के दौरान दुर्लभ सजावटी पत्थर और सिक्के मिले हैं, जिससे प्राचीन सभ्यता की सबसे प्रारंभिक शहरी बस्ती की एक दुर्लभ झलक मिलती है। पुरातात्विक महत्व की ये वस्तुएं प्राचीन भीर टीले पर मिली हैं। विशेषज्ञों ने ईसा पूर्व छठी शताब्दी के सजावटी पत्थर और दूसरी शताब्दी के सिक्के बरामद किए। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी एक खबर में कहा कि अधिकारियों ने इस खोज को एक दशक में इस स्थल पर हुई सबसे अहम खोज बताया है। इसमें कहा गया कि विशेषज्ञों ने सजावटी पत्थरों के टुकड़े बरामद किए जिनकी पहचान 'लैपिस लाजुली' के रूप में की गई है और इसके साथ ही कुषाण वंश से संबंधित दुर्लभ कांस्य सिक्के भी मिले हैं, जिससे प्राचीन गांधार के भौतिक इतिहास को एक नया आयाम मिला है। पंजाब पुरातत्व विभाग के उप निदेशक आसिम डोगर ने कलाकृतियों के प्रारंभिक विश्लेषण की पुष्टि की। डोगर उत्खनन दल के प्रमुख हैं। डोगर ने कहा, 'सजावटी पत्थर लैपिस लाजुली हैं जो एक बहुमूल्य पत्थर है, जबकि सिक्के कुषाण काल के हैं।' उत्खनन दल ने धातु की कलाकृतियों की आयु निर्धारित करने के लिए विशेष फॉरेंसिक सहायता ली।

## ऑफ बीट

# काम करते हुए क्या अंडर डेस्क ट्रेडमिल फायदेमंद है



हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में 67 लाख से अधिक लोग-यानी लगभग आधे कर्मचारी-कम से कम कुछ समय के लिए घर से काम करते हैं। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा में यह संख्या सबसे अधिक है। घर से काम बढ़ने के साथ लंबे समय तक बैठने की आदत भी बढ़ी है, जिसे अब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह माना जाता है। दफ्तर जाकर काम करने पर रोजमर्रा की गतिविधियां-जैसे चलना, खड़े रहना, सहकर्मियों से मिलने जाना या बाहर लंच लेने जाना-अपने आप हो जाती हैं, लेकिन घर से काम करते समय यह कम हो जाती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या काम के दौरान अंडर-डेस्क ट्रेडमिल या वॉकिंग पैड का इस्तेमाल कर चलना फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि नियमित रूप से चलने से रक्तचाप और ग्लूकोज सहनशीलता जैसे स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होता है। हालिया शोध में प्रतिदिन करीब 7,000 कदम चलने को कई बीमारियों की रोकथाम के लिए पर्याप्त लक्ष्य बताया गया है। शोध यह भी बताते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहने के बजाय छोटे-छोटे अंतराल में बार-बार चलना या हल्की गतिविधि करना एक बार में लंबी सैर से अधिक लाभकारी हो सकता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अब पीडब्ल्यूएल नीलामी में 250 से अधिक पहलवानों पर लगेगी बोली

- ए प्लस पहलवानों के लिए 18 लाख रुपये
- ए के लिए 12 लाख व बी के लिए आठ लाख
- सी के लिए तीन लाख रुपये निर्धारित किए गए
- पीडब्ल्यूएल का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत सहित 250 से अधिक पहलवान शनिवार को यहां 'प्रो रेसलिंग लीग' (पीडब्ल्यूएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में बोली के लिए उपलब्ध होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा मान्यता प्राप्त भारत की फ्रेंचाइजी आधारित पेशेवर कुश्ती लीग छह साल के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी मंच पर वापसी के लिए तैयार है। पीडब्ल्यूएल 2026 की नीलामी सूची में शामिल पहलवानों को प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के आधार पर चार वर्गों - ए प्लस (मार्की), ए, बी और सी में बांटा गया है। इन वर्गों के लिए आधार मूल्य तय किए गए हैं, जिसमें ए प्लस पहलवानों के लिए 18 लाख रुपये, ए के लिए 12 लाख रुपये, बी के लिए आठ लाख रुपये और सी के लिए तीन लाख रुपये निर्धारित हैं। इससे फ्रेंचाइजी को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बोली प्रक्रिया मिलेगी। नीलामी पूल में शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पहलवानों और भारत के प्रमुख पहलवानों का मजबूत मिश्रण शामिल हैं जिनमें ओलंपिक और विश्व चैंपियन, पदक विजेता और स्थापित सितारे मौजूद हैं।




### श्रेणी ए में ये रहेंगे

श्रेणी ए में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन दीपक पूनिया, हाल में अंडर-23 विश्व चैंपियन बने भारत के सुजीत कलकल, अर्मेनिया के चार बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता आर्सेन हरुत्यूनियन, मंगोलिया के पूर्व एशियाई खेल चैंपियन और दो बार के विश्व पदक विजेता तुलगा तथा पोलैंड के 2025 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता रॉबर्ट बारान जैसे नाम शामिल हैं।



### ए प्लस श्रेणी में ये पहलवान

ए प्लस श्रेणी में जापान की महिला कुश्ती की दिग्गज युई सुसाकी, क्यूबा की पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता युसनेलिस गुज़मान लोपेज, यूक्रेन की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता इरीना कोलियाडेंको के साथ भारतीय सितारे अमन सहरावत और भारत की अब तक की सबसे कम उम्र की ओलंपियन महिला पहलवान और दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल शामिल हैं।

### लीग का कुल 'पर्स' 12 करोड़

इस सत्र के लिए लीग का कुल 'पर्स' 12 करोड़ रुपये होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए दो दो करोड़ रुपये मिलेंगे। टीमें कुल नौ भार वर्गों में मुकाबला करेंगी जिसमें पांच पुरुष और चार महिला वर्ग शामिल हैं। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को न्यूनतम नौ और अधिकतम 12 पहलवानों की टीम बनानी होगी जिसमें पांच पुरुष और चार महिला पहलवान अनिवार्य होंगे। टीम में चार विदेशी पहलवान (दो पुरुष और दो महिला) होना जरूरी होगा ताकि हर टीम में मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा हर टीम में श्रेणी सी से कम से कम एक पहलवान का होना अनिवार्य होगा जिसका उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और प्रतिस्पर्धा के अवसरों का विस्तार करना है। पीडब्ल्यूएल का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महिला हॉकी टीम में कोच मारिन की वापसी

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। मारिन को हरेंद्र सिंह की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। हरेंद्र को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और 'कोचिंग में मनमानीपूर्ण रवैया अपनाने'' के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। इसके पांच साल बाद फिर से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे, जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।

### सातवीं बार डकार रैली में लेंगे हिस्सा हरिथ नोआ

**यानबू ।** भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे। केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। 5 बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

### सुदर्शन की पसली में फ्रैक्चर मैदान से हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** बल्लेबाज साई सुदर्शन हाल में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबले के दौरान पसली में फ्रैक्चर होने के कारण एक महीने से अधिक समय तक मैदान से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

### वनडे 1, 3 और 6 और टी-20 9, 12 और 13 सितंबर को खेले जाएंगे

# टीम इंडिया करेगी बांग्लादेश का दौरा खेली जाएगी वनडे और टी20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने घोषणा की कि वह इस साल सितंबर में भारत की मेजबानी करेगा, जिसमें दोनों टीम के बीच तीन मैच की वनडे और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी।

हालांकि मौजूदा हालात में बांग्लादेश में स्थिर सरकार नहीं होने के कारण यह स्पष्ट नहीं है कि बीसीसीआई इस दौरे के लिए सहमति देगा या नहीं। बीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार वनडे मुकाबले एक, तीन और छह सितंबर को खेले जाएंगे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9, 12 और 13 सितंबर को होंगे। भारतीय टीम सीमित ओवरों की इस श्रृंखला के लिए 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा

खबर के अनुसार बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशंस के इंचार्ज शहरयार नफीस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच, जो सीरीज पहले टाल दी गई थी, उसे रीशेड्यूल कर दिया गया है। भारत सीरीज 2026 के लिए बांग्लादेश के घरेलू शेड्यूल का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में द्विपक्षीय मुकाबले शामिल हैं।




### ये टीमें करेगी बांग्लादेश का दौरा

न्यूजीलैंड अप्रैल-मई में बांग्लादेश का दौरा करेगा, जिसमें तीन वनडे मैच 17 अप्रैल से शुरू होंगे, इसके बाद 27 अप्रैल से 2 मई तक तीन टी20 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया जून में व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आएगा, जिसकी शुरुआत 5 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज से होगी, इसके बाद 15 से 20 जून के बीच तीन टी20 मैच होंगे। बांग्लादेश अक्टूबर-नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ अपने घरेलू कैलेंडर को खत्म करेगा। टेस्ट से पहले 22-24 अक्टूबर को तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेला जाएगा, जिसमें टेस्ट 28 अक्टूबर-एक नवंबर और 5-9 नवंबर को होने हैं।

### टी20 वर्ल्ड कप के बाद घरेलू सीजन शुरू

बीसीबी ने एक बयान में कहा कि कन्फर्म शेड्यूल बांग्लादेश में इंटरनेशनल क्रिकेट से भरे सीजन को पक्का करता है, जिससे देश भर के समर्थकों को घर पर टॉप-लेवल क्रिकेट देखने का मौका मिलेगा, जबकि मैच वेन्यू की डिटेल्स सही समय पर बताई जाएंगी। बांग्लादेश का घरेलू सीजन मार्च में पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा, जिसमें पाकिस्तान 12 से 16 मार्च तक तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए दौरा करेगा। पाकिस्तान मई में आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के हिस्से के तौर पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए वापस आएगा, जो 8-12 मई और 16-20 मई को होने वाली है।

### जुलाई 2025 में रद कर दिया गया था दौरा

भारत का पिछले साल जुलाई में बांग्लादेश का दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले जुलाई जारी अपने बयान में कहा था, 'बीसीबी और बीसीसीआई ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में प्रस्तावित बांग्लादेश और भारत के बीच तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला को सितंबर 2026 तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।' बयान में आगे कहा गया, 'यह फैसला दोनों बोर्ड के बीच चर्चा के बाद लिया गया है, जिसमें दोनों टीम की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रतिबद्धताओं और कार्यक्रम की सुविधा को ध्यान में रखा गया है।' बीसीसीआई ने कहा, ''बीसीबी सितंबर 2026 में इस श्रृंखला के लिए भारत का स्वागत करना चाहता है। दौरे की संशोधित तारीख और कार्यक्रम की घोषणा समय आने पर की जाएगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे स्क्वाड में एंट्री के लिए पंत और सिराज पर होगी नजर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को जब चयनकर्ता 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे तो ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा होने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ सप्ताह पहले हुई श्रृंखला में जीत दर्ज करने वाली टीम में हालांकि कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति दो मुद्दों पर ध्यान दे सकती है। पहला मुद्दा पंत की दूसरे विकेटकीपर के रूप में स्थिति हो सकती है, क्योंकि ईशान किशन झारखंड के लिए मध्य क्रम में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और ध्रुव जुरेल ने भी घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा शतक जड़ा है। अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहचान टीम संयोजन के आधार पर खिलाड़ियों के चयन की है।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत

टीम संयोजन के कारण ही उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए संजू सैमसन और किशन जैसे सलामी बल्लेबाजों को चुना है। वनडे प्रारुप में टीम को मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर की जरूरत है। ऐसा विकेटकीपर, जो पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने में सहज हो। पंत ने गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से जुलाई 2024 से दिसंबर 2025 के बीच सिर्फ एक वनडे मैच खेला है। पिछले आठ वर्षों में केवल 31 वनडे मैच खेलना और 35 से कम का औसत होना इस जुझारु खिलाड़ी की क्षमता का सही प्रतिबिंब नहीं है।

**पांड्या-बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना:** टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चयनकर्ता अन्य दो तेज गेंदबाजों (हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह) को भी आराम देते हैं। दोनों ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई श्रृंखला में हिस्सा लिया था। सिराज को परिस्थितियों के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था।

## मैनचेस्टर सिटी - लिवरपूल का मैच ड्रॉ, आर्सेनल को बढ़त

इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶| लंदन

एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला, जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।



महिला हॉकी इंडिया लीग

### रांची रॉयल्स ने सूरमा हॉकी क्लब को हराया

**रांची।** रुतुजा दादासो पिसल और साक्षी राणा के गोल की बदौलत रांची रॉयल्स ने शुक्रवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) मैच में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-0 से हरा दिया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों की रक्षापंक्ति ने मजबूत खेल का प्रदर्शन किया। मैच के 12वें मिनट में सूरमा हॉकी क्लब को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन पेनी सक्विब के शॉट पर रक्षापंक्ति ने शानदार बचाव किया। पहले हाफ के खत्म होने में कुछ ही सेकंड पहले। एगोस्टिना अलोंसो ने मिडफील्ड से सर्कल में एक जोरदार पास दिया और रुतुजा (30वें मिनट) ने अविश्वसनीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए गेंद को बखूबी अपने कब्जे में ले लिया और उसे नेट में डालकर गोल कर दिया। रांची की टीम नें 54वें मिनट में एक और शानदार मैदानी गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। इस बार साक्षी के दमदम स्ट्राइक का सूरमा हॉकी क्लब की गोलकीपर के पास कोई जवाब नहीं था।

## नीरज और सचिन एआईयू के परीक्षण पूल में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंगरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था, जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र. सं. | निविदा स. | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61256514 A | मस्ट चेंज किट ऑफ LHB EOG कोचस विथ कॉम्पैक्ट पैनल टूरिंग SS-III/M72 | 50 सेट्स | 29.01.2026 |
| 02 | 61257200 | स्टिफनर प्लेट फॉर फ्रंट करिएर प्लेट | 7570 सेट्स | 29.01.2026 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं0 61256514ए 61257200 15/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### 18 जनवरी से शुरू होगा वर्ष के पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से वापसी करेंगी वीनस, मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी।

उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

### मेलबर्न पार्क में 28 साल पहले पहली बार लिया था हिस्सा



### 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लिया था हिस्सा

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं।

### टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

वीनस ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं, जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।' इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक टेकेदारो से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत 25/2025–26 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन के खानलंपुरा स्थित सी एंड डब्ल्यू डिपो के यार्डों में कैनटेक पैटर्न के अनुसार ऊर्जा कुशल एलईडी प्रकाश व्यवस्था के साथ रोलिंग एग्जामिनेशन पॉइंट्स पर एग्जामिनेशन लाइट, वेल्डिंग पॉइंट्स और प्रकाश व्यवस्था की व्यवस्था करना। | Rs. 19337905.16 | Rs. 246700.00 | 04 महीने | 23.01.2026 |

1. निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी।
3. कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए।
4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें।
5. जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।
खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–18/2025–26 दिनांक : 01.01.2026 14/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




**महंगाई की आग में उबल रहा ईरान!**

# हिंसक हुए प्रदर्शन, 6 की मौत, खामेनेई के खिलाफ विद्रोह!

एजेंसी ▶▶ तेहरान

*ईरान में ये मौतें उन तीन शहरों में हुईं, जहां मुख्य रूप से लूर जातीय समूह के लोग रहते हैं। इनमें से एक मौत बुधवार को जबकि 5 लोग गुरुवार को मारे गए। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरेस्तान प्रांत के एक शहर अजना में हुई। यह तेहरान से लगभग 300 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।*

ईरान में आर्थिक संकट के बीच जनता सड़क पर उतर आई है। राजधानी तेहरान से लेकर देश के कई शहरों और ग्रामीण हिस्सों में हिंसक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हैं। देश की मुद्रा में लगातार गिरावट, भारी महंगाई और रोजगार के मुद्दे पर लोग उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

पूरे देश में सड़कों पर सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई हैं, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है। इन प्रदर्शनों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। गुरुवार को नए साल की शुरुआत पर प्रदर्शन ईरान के ग्रामीण इलाकों में फैल गए।

**सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों की बीच झड़पें हो रहीं**

**यूनिवर्सिटी के छात्र तेहरान की सड़कों पर उतर आए**



सड़कों पर प्रदर्शन करते ईरानी नागरिक

### सबसे ज्यादा हिंसा लोरेस्तान प्रांत में

*ईरानी मीडिया ने बताया है कि तेहरान के पश्चिमी इलाके में अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ये मौतें तीन शहरों में हुईं, जहां मुख्य रूप से ईरान के लूर जातीय समूह के लोग रहते हैं। इनमें से एक मौत बुधवार को जबकि 5 लोग गुरुवार को मारे गए। सबसे ज्यादा हिंसा ईरान के लोरेस्तान प्रांत के एक शहर अजना में हुई।*

### प्रदर्शनकारियों पर हिंसा का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा : ट्रंप

*डोनाल्ड ट्रंप ने कोसोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाता है और उन्हें बेरहमी से मारता है, जो कि उनकी आदत है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं। ट्रंप ने बिना ज्यादा जानकारी दिए लिखा कि हम पूरी तरह तैयार हैं और जाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप की चेतावनी के कुछ ही समय बाद, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी और पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर आरोप लगाया कि इजरायल और अमेरिका इन प्रदर्शनों को भड़का रहे हैं।*

**नए लेबर कोड से गिग वर्कर्स को बड़ी राहत**

## चारों लेबर कोड को 1 अप्रैल से पूरे देश में लागू किए जाएंगे

**नई दिल्ली।** नए लेबर कोड के लागू होने से गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को बड़ा लाभ मिलने वाला है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने चारों लेबर कोड से जुड़े ड्राफ्ट नियम जारी कर दिए हैं, जिनके तहत गिग वर्कर्स को न्यूनतम वेतन, स्वास्थ्य, व्यावसायिक सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसे अधिकार मिलेंगे। सरकार ने इन ड्राफ्ट नियमों पर सभी हितधारकों से फीडबैक मांगा है। उद्देश्य है कि चारों लेबर कोड को एक अप्रैल से पूरे देश में लागू किया जाए। यह जानकारी गिग वर्कर्स की प्रस्तावित हड़ताल से एक दिन पहले 30 दिसंबर, 2025 को जारी नोटिफिकेशन में दी गई। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार सामाजिक सुरक्षा का लाभ पाने के लिए किसी गिग कर्मचारी का किसी एक प्लेटफॉर्म से कम से कम 90 दिनों तक जुड़ा होना जरूरी होगा। यदि कोई गिग कर्मचारी एक साथ दो प्लेटफॉर्म पर काम करता है, तो यह अवधि 120 दिन निर्धारित की गई है। नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी कैलेंडर दिन में यदि कर्मचारी किसी एग्रीगेटर के लिए किए गए कार्य से आय अर्जित करता है, तो उसे उस दिन कार्यरत माना जाएगा, भले ही आय की राशि कितनी भी हो।

**खबर संक्षेप**

### जर्मनी में आग से बचने कूदा, इलाज के दौरान मौत

**बर्लिन।** नए साल के जश्न के दौरान तेलंगाना के जंगांव जिले के हृतिक छात्र की जर्मनी में मौत हो गई। हृतिक उच्च शिक्षा के लिए जर्मनी गया था। वह जिस अपार्टमेंट में रहता था, उसमें 31 दिसंबर की रात को आग लग गई। जिसके बाद उसने आग से जान बचाने की कोशिश में छलांग लगा दी, इससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान थोकला हृतिक रेड्डी के रूप में हुई है।

### दो सिंगापुरवासी संसद सदस्य मनोनीत होंगे

**सिंगापुर।** सिंगापुर में समुदाय और समाज के लिए अपने योगदान से ख्याति अर्जित करने वाले भारतीय मूल के दो व्यक्ति अगले सप्ताह संसद सदस्य मनोनीत किए जाने वाले हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी पॉली क्लीनिक्स के फैमिली फिजिशियन डॉ. हरीश सिंगाराजू व अमलगमेटेड यूनियन आफ पब्लिक इम्प्लॉइज के महासचिव संजीव कुमार तिवारी का नाम शामिल है को प्रस्तावित राष्ट्रीय संसद सदस्य (एनएमपी) के रूप में मनोनीत किया गया है।

### चमौली में सेना के कैंप में लगी आग

**चमोली।** ज्योर्तिमठ में औली रोड के समीप सेना कैंप में अचानक भीषण आग लग गई। सेना के जवानों के साथ ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई, लेकिन आग इतनी विकराल हो गई कि इसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यह सेना का स्टोर था, जिसमें प्लास्टिक का समान था। यहां खेत भी है जहां सूखी घास थी। तेज हवा चलने के कारण आग विकराल हो गई थी।

**आतंकवाद पर विदेश मंत्री जयशंकर ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर साधा निशाना**

# भारत को बुरे पड़ोसियों से अपना बचाव करने का अधिकार... कोई अन्य देश यह तय नहीं करेगा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई


*जयशंकर ने कहा कि हमारे अधिकतर पड़ोसी देश ये मानते हैं कि भारत का विकास उनके लिए अच्छा है। अगर भारत विकास करेगा तो हमारे सभी पड़ोसी भी हमारे साथ आगे बढ़ेंगे। यही बात मैं बांग्लादेश के लिए कहना चाहता हूं। बांग्लादेश के साथ भारत के अच्छे रिश्ते रहे हैं*

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा और कोई भी दूसरा देश ये तय नहीं कर सकता कि भारत अपने बचाव में क्या करेगा और क्या नहीं। आईआईटी मद्रास में आयोजित 'शस्त्र 2026-आईआईटी मद्रास टेक्नो-एंटरटेनमेंट फेस्ट' के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए वो सबकुछ किया जाएगा, जो भी करने की जरूरत होगी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयशंकर से भारत की विदेश नीति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'आपके पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं। अगर हम पश्चिम की तरफ देखें तो पता चलता है कि दुर्भाग्य से हमारे साथ भी ऐसा है। अगर कोई देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद फैलाता है तो हमारे पास भी आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार मौजूद है और हम उसका इस्तेमाल भी करेंगे, लेकिन ये हम पर है कि हम इसका कैसे इस्तेमाल करते हैं। कोई हमें ये नहीं बता सकता कि क्या करना चाहिए या क्या नहीं। अपनी सुरक्षा के लिए हम वो सबकुछ करेंगे, जो हमें करना चाहिए।

**श्रीलंका को 4 अरब डॉलर की मदद की**

**अच्छे पड़ोसियों को पहले वैक्सीन दी**




आईआईटी मद्रास के कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### अच्छे पड़ोसियों की भारत मदद करता है

जयशंकर ने कहा कि जब हम अपने पड़ोसी देशों को देखते हैं, तो जो भी हमारे अच्छे पड़ोसी देश हैं, हम वहां निवेश करते हैं, उन देशों की मदद करते हैं। कोरोना के समय में भी हमारे पड़ोसियों को सबसे पहले वैक्सीन की मदद हमने ही की थी। श्रीलंका भी जब आर्थिक संकट से घिरा तो भारत ने ही उसकी मदद की और उसे चार अरब डॉलर की आर्थिक मदद दी। रीलंका में एक तूफान आया, हम उसी दिन वहां पहुंचे और सभी बचाव कार्य किए। हमारे अधिकतर पड़ोसी देश ये मानते हैं कि भारत का विकास उनके लिए अच्छा है। अगर भारत विकास करेगा तो हमारे सभी पड़ोसी भी हमारे साथ आगे बढ़ेंगे। यही बात मैं बांग्लादेश के लिए कहना चाहता हूं।

### आतंकवाद और पानी एक साथ साझा नहीं हो सकता

*पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए एस जयशंकर ने कहा कि कई साल पहले हम जल बंटवारा समझौते पर सहमत हुए थे, लेकिन अगर आप दशकों तक आतंकवाद फैलाते हैं तो ये अच्छे पड़ोस वाली बात नहीं है और अगर आप अच्छे पड़ोसी नहीं है तो आप को इसके फायदे भी नहीं मिलेंगे। आप ये नहीं कह सकते कि कृपया हमारे साथ पानी साझा करें, लेकिन हम आतंकवाद जारी रखेंगे। ये नहीं हो सकता।*

### बांग्लादेश से अच्छे रिश्ते की उम्मीद

बांग्लादेश में इस साल फरवरी में चुनाव होने वाला है। इसे लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हम बांग्लादेश को उनके चुनाव में शुभकामनाएं देते हैं, और हम उम्मीद करते हैं कि एक बार चीजें ठीक हो जाने पर, अच्छे पड़ोसी का रिश्ता जारी रहेगा।

**कश्मीर में आतंकी साजिश नाकाम**

## चीनी पिस्तौल व दो ग्रेनेड जब्त, पकड़े गए मददगार



पकड़े आतंकी व सहयोगी

**गांदरबल(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पुलिस ने गुरुवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में एक महिला सहित दो आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, दो हैंड ग्रेनेड और 8 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल पुलिस ने देर शाम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया था।

**नकदी भी बरामद**

गुंडरेहमान के पास नाका लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान सूचना के आधार पर एक लोड कैरियर को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 1 चीनी पिस्तौल, पिस्तौल की 1 मैगजीन, पिस्तौल के 4 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड और 8,40,500 नकदी बरामद की गई। साथ ही आतंकी मददगार गुलाम नबी मीर निवासी हाजिन बांदीपोरा और शबनम नजीर निवासी शालाबुग, गांदरबल को गिरफ्तार किया गया।

## वंदे भारत स्लीपर का 'किराया' तय



**किराया मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तय किया गया**

### पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिर में करेंगे। रेल मंत्री वैष्णव ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि वंदे भारत स्लीपर में 3-एसी का किराया लगभग 2,300, 2-एसी का लगभग 3,000 और 1-एसी का लगभग 3,600 रुपए होगा, जिसमें खाना भी शामिल होगा। किराया मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तय किया गया है। किराया फ्लाइट की तुलना में भी काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि ट्रेन अगले 15-20 दिनों में चलना शुरू हो जाएगी, शायद 18 जनवरी के आसपास, क्योंकि प्रधानमंत्री को इसके लिए अनुरोध भेजा गया है। उन्होंने इस डेवलपमेंट को देश के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। वैष्णव ने कहा कि गुवाहाटी और कोलकाता के बीच 16 कोच वाली ट्रेन की क्षमता 823 यात्रियों की है और इसकी डिजाइन स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा है।

**दुनिया में तेज की पाकिस्तान की घेराबंदी**

**मीर यार ने लिखा पत्र**

## इजराइल और तालिबान से बलूचों ने मांगी मदद



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग देश बनाने के लिए मीर यार बलूच ने अपना अभियान तेज कर दिया है। मीर यार ने इजराइल और अफगानिस्तान के नाम सोशल मीडिया पर खुली चिट्ठी लिखी है। मीर ने अपनी चिट्ठी में दोनों देशों से बलूचिस्तान की पाकिस्तान से आजादी के लिए मदद मांगी है। इन दोनों देशों के अलावा भारत से भी मीर यार मदद मांग चुके हैं। साथ ही मीर ने बलूचिस्तान की अलग सेना बनाने का ऐलान भी किया है। मीर यार बलूच ने इजराइल के विदेश मंत्री के नाम अपने खुले पत्र में कहा है कि बलूचिस्तान गणराज्य मौजूदा क्षेत्रीय अस्थिरता के बीच इजराइल के सामने आने वाली रणनीतिक वास्तविकताओं को पहचानता है। हमास को पाकिस्तान का समर्थन और ईरान के क्रांतिकारी धुरी के साथ उसका गठबंधन हिंसा में योगदान देता है।

### म्यांमार में फंसे तीन भारतीय स्वदेश रवाना

**यांगून।** म्यांमार में नौकरी संबंधी फर्जीवाड़े में फंसे तीन भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजा गया है। यांगून स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि जुलाई 2024 से अब तक कुल 1,757 भारतीयों को भारत वापस भेजा जा चुका है। मभारतीय दूतावास ने बताया कि म्यांमा के अधिकारियों और संगठनों के सहयोग से म्यावाड्डी फर्जीवाड़े से जुड़े केंद्रों से तीन और भारतीय नागरिकों को कल यांगून के रास्ते वापस स्वदेश भेजा गया। वहीं, केंद्र सरकार ने बताया है कि अब तक कंबोडिया, म्यांमा और लाओ पीडीआर से 6,700 से अधिक भारतीयों को बचाया जा चुका है।

## केंद्र ने एक्स से अश्लील कंटेंट हटाने को कहा, 72 घंटों में रिपोर्ट मांगी

**दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एलन मस्क की कंपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से कहा कि वह एआई एप जीआरओके से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानून कार्रवाई की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि आदेश जारी होने के समय से 72 घंटे के भीतर एक एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपें। दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को एआई चैटबोट जीआरओके के गलत इस्तेमाल पर चिंता जताई थी। उन्होंने आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसमें कहा था कि कुछ लोग एआई की मदद से महिलाओं की असली तस्वीरों को आपत्तिजनक रूप में बदल रहे हैं, जो बेहद गंभीर मामला है। बता दें कि कुछ यूजर एक्स पर फर्जी अकाउंट बनाते हैं। इन अकाउंट्स से वे महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट करते हैं। इसके बाद जीआरओके एआई को प्रॉम्प्ट दिया जाता है कि महिलाओं की फोटो को गलत और आपत्तिजनक रूप में दिखाया जाए। एआई से कपड़े बदलने या तस्वीर को सेक्शुअल अंदाज में पेश करने जैसी प्रॉम्प्ट दिए जाते हैं। इन तस्वीरों के लिए महिलाओं से कोई अनुमति नहीं ली जाती। कई बार वे महिलाएं खुद भी नहीं जानतीं कि उनकी तस्वीरों का ऐसा इस्तेमाल हो रहा है। आरोप है कि जीआरओके इस तरह की गलत मांगों को रोकने के बजाय उन्हें स्वीकार कर



### अब बांग्लादेश, भूटान और नेपाल सीधे खरीद सकेंगे भारत से कोयला

**नई दिल्ली।** भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सीमा पार व्यापार को सुगम बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि 1 जनवरी, 2026 से बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के कोयला उपभोक्ता अब भारतीय ट्रेडर्स की मदद लिए बिना सीधे ऑनलाइन कोयला नीलामी में भाग ले सकेंगे।

## भारतीय सेना ने रचा नया इतिहास, तोप के गोले को बना डाला 'मिनी मिसाइल'

**आईआईटी मद्रास और सेना की साझेदारी से जन्मी तकनीक**

# नई तकनीक से 80 किमी दूर तक हो सकेगा 'सटीक' हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना बहुत जल्द ऐसी अत्याधुनिक सैन्य तकनीक को मैदान में उतारने जा रही है, जो अब तक दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। सेना दुनिया के पहले रैमजेट-संचालित 155 मिमी आर्टिलरी गोले को तैनात करने की तैयारी में है। इस हाई-टेक गोले को आईआईटी मद्रास ने भारतीय सेना के साथ मिलकर विकसित किया है। देखने में यह सामान्य तोप का गोला लगता है।लेकिन इसकी ताकत और क्षमता किसी मिसाइल सिस्टम से कम नहीं है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना आईआईटी मद्रास और आर्मी टेक्नोलॉजी बोर्ड (एटीबी) की साझेदारी का नतीजा है।

### आर्टिलरी से दागा गया गोला सुपरसोनिक स्पीड पकड़ता है



रैमजेट तकनीक वाली तोप

### गुरुत्वाकर्षण से अलग है रैमजेट तकनीक

*अब तक तोप के गोले केवल बारूद और बैलिस्टिक ट्रैजेक्टरी पर निर्भर होते थे। एक बार दागे जाने के बाद वे गुरुत्वाकर्षण के सहारे उड़ते हैं। लेकिन रैमजेट एक एयर-ब्रीदिंग प्रोपल्शन सिस्टम है। जैसे ही 155 मिमी गोला तोप से दागा जाता है, यह सुपरसोनिक स्पीड (मैक 2 से अधिक) पकड़ लेता है। तेज गति के कारण आसपास की हवा इसके इनलेट में जाती है, जहां वह संकुचित होकर ईंधन के साथ जलती है। इस दहन प्रक्रिया से लगातार ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे गोला सामान्य गोले की तुलना में कहीं ज्यादा दूर तक जाता है। अब तक यह तकनीक मिसाइलों में इस्तेमाल होती थी, लेकिन पहली बार इसे तोप के गोले में सफलतापूर्वक लागू किया गया है।*

### पोखरण टेस्टिंग से बढ़ा भरोसा

राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुए शुरुआती परीक्षण बेहद सफल रहे हैं। इन परीक्षणों में गोले की रेंज, उड़ान स्थिरता और नियंत्रण क्षमता को परखा गया, और नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। पूरी तरह तैयार होने के बाद यह गोला सेना की मौजूदा 155 मिमी तोपों के साथ पूरी तरह संगत होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28